राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# दिव्य दिनकर

एक निडर सच का दर्पण

रांची और पटना से एक साथ प्रकाशित

वर्ष 10 अंक :199 रांची (झारखंड),बुधवार 30 अप्रैल 2025 पेज - 08 मूल्य: 2 RNI NO- JHAHIN/2013/54373






## सुप्रीम कोर्ट का वक्फ अधिनियम से जुड़ी नई याचिकाओं पर सुनवाई से इनकार

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने वक्फ अधिनियम को चुनौती देने वाली एक दर्जन से अधिक जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करने से मंगलवार को साफ इनकार कर दिया।

भारत के मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि इस मामले में पहले ही पांच याचिकाओं पर सुनवाई का आदेश दिया जा चुका है और अब कोई नई याचिका स्वीकार नहीं की जाएगी। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की कि ज्यादातर याचिकाएं एक-दूसरे से मिलती-जुलती हैं और कुछ तो पूरी तरह कॉपी की गई हैं। शीर्ष अदालत ने याचिकाकर्ताओं को सलाह दी कि अगर उनके पास कोई नया या अतिरिक्त आधार है, तो वे इस मामले में अलग से इंटरवेंशन एप्लिकेशन दाखिल कर सकते हैं। सीजेआई जस्टिस संजीव खन्ना ने स्पष्ट कहा, हम इस मामले में अब और याचिकाएं नहीं सुनना चाहते। इसके साथ ही कोर्ट ने नई याचिकाओं को खारिज कर दिया। इन याचिकाओं में कई प्रमुख संगठनों और व्यक्तियों के नाम शामिल थे। इनमें कांग्रेस सांसद इमरान प्रतापगढ़ी, तृणमूल कांग्रेस सांसद डेरेक ओब्रायन, जम्मू-



कश्मीर की पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), मुस्लिम एडवोकेट्स एसोसिएशन और ऑल रिलीजियस इफिनिटी मूवमेंट जैसी संस्थाएं शामिल थीं। ये याचिकाएं वक्फ अधिनियम में हाल में किए गए संशोधनों की वैधता और इसके प्रावधानों को लेकर सवाल उठा रही थीं। सुप्रीम कोर्ट का यह फैसला वक्फ अधिनियम से जुड़े विवादों को लेकर एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। खंडपीठ ने पहले से चुनी गई पांच याचिकाओं पर सुनवाई को प्राथमिकता देने का फैसला किया है, ताकि इस मामले में जल्द और स्पष्ट निर्णय लिया जा सके। शीर्ष अदालत का मानना है कि बार-बार एक ही तरह की याचिकाएं दाखिल करने से न्यायिक प्रक्रिया में अनावश्यक देरी हो रही है। बता दें कि वक्फ अधिनियम को लेकर दायर याचिकाएं लंबे समय से चर्चा में हैं। ये याचिकाएं अधिनियम के कुछ प्रावधानों को असंवैधानिक बताते हुए इसे चुनौती दे रही हैं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने अब साफ कर दिया है कि वह केवल सीमित और मौलिक याचिकाओं पर ही ध्यान देगा। इस फैसले से उन याचिकाकर्ताओं को झटका लगा है, जिनकी याचिकाएं खारिज की गई हैं।

### जम्मू-कश्मीर सरकार ने घाटी में 48 गंतव्य पर्यटकों के लिए बंद किए

**एजेंसी**

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर सरकार ने मंगलवार को घाटी में 48 गंतव्य पर्यटकों के लिए बंद कर दिए हैं। यह कार्रवाई कश्मीर के पहलगाम शहर के पास बैसरन घास के मैदान में पर्यटकों पर हुए भयानक हमले के बाद की गई है। अन्य स्थलों को उचित सुरक्षा प्रदान की गई है। इनमें से कुछ स्थलों को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया है। सरकार के मुताबिक घाटी में कुल 87 गंतव्य हैं, जिनमें से 48 अब बंद हो चुके हैं। पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटकों की संख्या में गिरावट देखी गई है। श्रीनगर हवाई अड्डे पर आने वाले पर्यटकों की संख्या में भी भारी गिरावट देखी गई है। बंद किये गंतव्यों में युसमर्ग, तौसमैदान, डूडपथरी, अहरबल, कौसरनाग, बंगस, करिवान डाइवर चंडीगाम, बंगस वैली, वुलर/वाटलब, रामपोरा और राजपोरा, चेरहर, मुंडिज-हमाम-मरकूट झरना, खाम्पू, बोस्निया, विजीटॉप, सूर्य मंदिर, वेरिनाग गार्डन, सिंथन टॉप, मार्गनटॉप, अकाड पार्क, हब्बा खातून पॉइंट, बाबारेशी, रिंगावली, गोगलदारा, बदेरकोटे, श्रुंज झरना, कामनपोस्ट, नंबलान झरना, इको पार्क खडनियार, संगरवानी, जामिया मस्जिद, बादामवारी, राजोरी कदल, आली कदल, पदशापाल रिसॉर्ट्स, फकीर गुजरी, दारा, अस्तानमार्ग व्यू प्वाइंट, अस्तानमार्ग पैराग्लाइडिंग, ममनेथ और महादेव हिल्स, बौद्ध मठ, दाचीगाम ट्राउट फार्म/मत्स्य पालन से परे खेत, अस्तानपोरा, खास तौर पर कायम गाह रिसॉर्ट, लछपटरी, हंग पार्क और नारानाग हैं।



### सीमा हैदर को पाकिस्तान भेजने पर फिलहाल कोई आदेश नहीं, पुलिस कर रही है आदेश का इंतजार

**ग्रेटर नोएडा।** पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद सरकार ने भारत में पाकिस्तानी नागरिकों को दी जा रही सुविधाएं समाप्त कर दी हैं। इसके चलते भारत में रह रहे पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का आदेश दिया गया है। हालांकि, सूत्रों की मानें तो नेपाल के रास्ते भारत में अवैध रूप से दाखिल हुई सीमा हैदर का नाम उन लोगों की सूची में शामिल नहीं है, जिन्हें पाकिस्तान भेजा जाना है। नोएडा पुलिस के अनुसार, सीमा हैदर के संबंध में अभी तक केंद्र सरकार से कोई विशेष आदेश प्राप्त नहीं हुआ है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जैसे ही आदेश मिलेगा, आगे की कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि सीमा हैदर मई 2023 में नेपाल के रास्ते अपने चार बच्चों के साथ भारत आई थीं। यहां आकर उन्होंने सचिन मीणा से हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार विवाह भी किया और हाल ही में उनके एक बच्चे का जन्म भी हुआ है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान के नागरिकों को वीजा छूट खत्म होने से सीमा हैदर के मामले पर भी सवाल उठने लगे हैं। लेकिन चूंकि सीमा वीजा के जरिए भारत नहीं आई थीं और उनका मामला अदालत में विचाराधीन है, इसलिए वर्तमान आदेश का उन पर सीधा प्रभाव नहीं पड़ेगा।




### पाकिस्तानी हैकर्स का राजस्थान में साइबर अटैक, राज्य सरकार की तीन वेबसाइट्स हैक

**जयपुर।** पाकिस्तानी हैकर्स ने राजस्थान सरकार की तीन वेबसाइटों को निशाना बनाया और उन पर भारत विरोधी संदेश लिख दिए। पाकिस्तानी साइबर अपराधियों ने राज्य में कई सरकारी वेबसाइटों को निशाना बना चुके हैं, जिनमें नवीनतम निशाना शिक्षा विभाग के आधिकारिक पोर्टल है। मंगलवार को राजस्थान के शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने इस घटना का संज्ञान लिया और विभाग की सूचना प्रौद्योगिकी शाखा को सक्रिय कर दिया। हैक की गई वेबसाइट को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया, जबकि रिकवरी ऑपरेशन चल रहा है। साइबर सुरक्षा एजेंसियों को भी सूचित कर दिया गया है। जिम्मेदार हैकिंग समूह की पहचान करने और किसी भी संभावित डाटा उल्लंघन का आकलन करने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। अभी तक किसी भी संवेदनशील डेटा लीक की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन एहतियात के तौर पर सभी विभागीय प्रणालियों का व्यापक ऑडिट जारी है। यह घटना हुए एक ऐसे ही साइबर हमले के बाद हुई, जिसमें हैकरों ने स्थानीय स्वशासन विभाग (डीएलबी) और जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) की वेबसाइटों पर हमला किया था और उन पर पाकिस्तान समर्थक प्रचार सामग्री लगा दी थी। अब उन दोनों वेबसाइटों को बहाल कर दिया गया है। एक पोस्ट में, 'पाकिस्तान साइबर फोर्स' का हिस्सा होने का दावा करने वाले हैकर्स ने पहलगाम में हाल की आतंकवादी घटना का हवाला देते हुए भारत के बारे में भड़काऊ टिप्पणी की। शिक्षा मंत्री ने आश्वासन दिया कि शिक्षा विभाग की वेबसाइट को जल्द ही बहाल कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में उल्लंघनों को रोकने के लिए साइबर सुरक्षा बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए कड़े कदम उठाए जाएंगे। सूत्रों ने बताया कि यह घटना भू-राजनीतिक तनाव के साथ-साथ साइबर युद्ध के बढ़ते खतरे को रेखांकित करती है। यह सरकारी प्लेटफार्मों पर डिजिटल सुरक्षा बढ़ाने की तत्काल जरुरत को पर प्रकाश डालती है।



## भारत अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने वाला पहला देश बन सकता है : ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट

**'हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा।'**

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अगले 25 वर्षों में विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि यह महत्वपूर्ण है कि आइडिया से प्रोटोटाइप और फिर प्रोडक्ट तक की यात्रा कम से कम समय में पूरी हो। प्रधानमंत्री ने नई दिल्ली के भारत मंडपम में युग्म इनोवेशन कॉन्क्लेव को संबोधित करते हुए कहा कि आज यहां सरकार, एकेडमी, साइंस और रिसर्च से जुड़े भिन्न-भिन्न क्षेत्र के लोग इतनी बड़ी संख्या में उपस्थित हैं। इस एकजुटता को ही युग्म कहते हैं। एक ऐसा युग्म, जिसमें विकसित भारत के फ्यूचर टेक से जुड़े स्टेकहोल्डर्स एक साथ जुड़े हैं, एक साथ जुटे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम जो भारत की इनोवेशन कैपेसिटी और डीप टेक में भारत की भूमिका को बढ़ाने का प्रयास कर रहे हैं, उसे इस आयोजन से बल मिलेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने विकसित भारत के लक्ष्य के लिए अगले 25 वर्षों की समयसीमा तय की है। हमारे पास समय सीमित है, लक्ष्य बड़े हैं। इसलिए ये जरुरी है कि हमारे आइडिया की प्रोटोटाइप से प्रोडक्ट तक की यात्रा भी कम से कम समय में पूरी हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि प्रयोगशाला से बाजार तक की दूरी कम करने से लोगों तक शोध के परिणाम तेजी से पहुंचते हैं,



शोधकर्ताओं को प्रेरणा मिलती है और उनके काम के लिए ठोस प्रोत्साहन मिलता है। इससे शोध, नवाचार और मूल्य संवर्धन के चक्र में तेजी आती है। प्रधानमंत्री ने एक मजबूत शोध पारिस्थितिकी तंत्र का आह्वान किया और शैक्षणिक संस्थानों, निवेशकों और उद्योग से शोधकर्ताओं का समर्थन और मार्गदर्शन करने का आग्रह किया। उन्होंने युवाओं को सलाह देने, वित्त पोषण प्रदान करने और सहयोगात्मक रूप से नए समाधान विकसित करने में उद्योग के नेताओं की संभावित भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने इन प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए नियमों को सरल बनाने और मंजूरी को तेज़ करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसी भी राष्ट्र का भविष्य उसके युवाओं पर निर्भर करता है और शिक्षा प्रणाली युवाओं को देश के भविष्य के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत की शिक्षा प्रणाली को 21वीं सदी की आवश्यकताओं के अनुसार आधुनिक बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्विक शिक्षा मानकों को ध्यान में रखते हुए तैयार की गई नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के आने के बाद भारतीय एजुकेशन सिस्टम में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है।उन्होंने राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा, शिक्षण सामग्री और कक्षा एक से सात तक के लिए नई पाठ्यपुस्तकों का प्रकाशन पूरा होने की जानकारी दी।

उन्होंने पीएम ई-विद्या और दीक्षा प्लेटफार्मों के तहत एआई-आधारित और स्केलेबल डिजिटल शिक्षा अवसंरचना मंच - एक राष्ट्र, एक डिजिटल शिक्षा अवसंरचना के निर्माण पर प्रकाश डाला, जिससे 30 से अधिक भारतीय भाषाओं और सात विदेशी भाषाओं में पाठ्यपुस्तकें तैयार करना संभव हो गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय क्रेडिट फ्रेमवर्क ने छात्रों के लिए एक साथ विविध विषयों का अध्ययन करना आसान बना दिया है।

### दिल्ली-एनसीआर : मौसम विभाग ने 1 और 2 मई को तेज हवाओं के साथ बारिश की चेतावनी दी

**इसके अलावा बादलों के साथ सूरज की लुका-छिपी के चलते अधिकतम पारे में गिरावट दर्ज की जाएगी।**

**एजेंसी**

**नोएडा।** मौसम में लगातार बदलाव के चलते एनसीआर के लोगों को कभी तेज धूप और गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ अचानक आसमान में छाए बादलों से कुछ देर के लिए लोगों को राहत जरूर मिलती दिखाई देती है। 1 और 2 मई को मौसम विभाग ने आंधी-तूफान के साथ-साथ तेज बारिश होने की संभावना भी जताई है। इसके अलावा बादलों के साथ सूरज की लुका-छिपी के चलते अधिकतम पारे में गिरावट दर्ज की जाएगी। मौसम विभाग के जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक शनिवार यानी 29 अप्रैल को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री बने रहने की संभावना है। मौसम विभाग के मुताबिक 29 और 30 अप्रैल को आसमान में हल्के बादल छाए रहेंगे। 30 अप्रैल को अधिकतम तापमान



40 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 1 मई को अलर्ट जारी किया गया है, जिसके मुताबिक तेज आंधी-तूफान के साथ तेज बारिश का भी सामना एनसीआर के लोगों को करना पड़ेगा। इस दिन अधिकतम तापमान में भी गिरावट दर्ज की जाएगी। 1 मई को अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। ठीक ऐसे ही अगले दिन 2 मई को भी तेज बारिश और तूफान का अलर्ट जारी किया गया है और इस दिन भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री रहने की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक 3 मई को भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री बने रहने की संभावना है। ठीक ऐसे ही 4 मई को भी अधिकतम तापमान 37 डिग्री और न्यूनतम तापमान 25 डिग्री बने रहने की संभावना जताई गई है, लेकिन 5 मई से एक बार फिर पारे में बढ़ोतरी दर्ज की जाएगी।

### भजनलाल ने की जेपी नड्डा से मुलाकात



**एजेंसी**

**नई दिल्ल्सी।** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार रात को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक मंत्री जे पी नड्डा से मुलाकात की है।श्री शर्मा अपने दिल्ली प्रवास के दौरान सोमवार रात श्री नड्डा से मुलाकात की जो उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस दौरान मुख्यमंत्री ने श्री नड्डा को राज्य सरकार द्वारा राजस्थान में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण, चिकित्सा शिक्षा के विस्तार एवं जन स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। साथ ही स्वास्थ्य क्षेत्र में नवाचार एवं भविष्य की योजनाओं पर सार्थक चर्चा की गई।

### पाकिस्तानी सेना ने लगातार पांचवीं रात कश्मीर नियंत्रण रेखा पर गोलीबारी की

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर पाकिस्तान और भारत के बीच लगातार पांचवीं रात गोलीबारी हुई। सेना ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संघर्ष विराम उल्लंघन की खबरें कश्मीर के कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों और जम्मू के अखनूर सेक्टर से आई हैं। सेना ने मंगलवार को कहा, 28-29 अप्रैल 2025 की रात को, पाकिस्तानी सेना ने कुपवाड़ा और बारामुल्ला जिलों के साथ-साथ अखनूर सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पार बिना उकसावे के छोटे हथियारों से गोलीबारी की। भारतीय सेना ने उकसावे का जवाब दिया। गोलीबारी के दौरान किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। कश्मीर में नियंत्रण रेखा के अलावा, पाकिस्तान ने जम्मू के पुंछ क्षेत्र में छोटे हथियारों से गोलीबारी की थी।

## पहलगाम हमले को मोदी-शाह का साजिश वाले बयान के बाद एमएलए अमीनुल इस्लाम गिरफ्तार

**देशद्रोही बयान देने पर अब तक 16 गिरफ्तार**

**एजेंसी**

**गुवाहाटी।** पहलगाम के हमले को लेकर देश में सियासी भूचाल की स्थिति बनी हुई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। सियासत के इस बवंडर की चपेट में असम के धिंग से विधायक हाजी अमीनुल इस्लाम आ गए हैं। 23 अप्रैल को दिए गए उनके बयान ने न केवल राज्य में सियासी हलचल मचा दी, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार को सख्त कार्रवाई के लिए भी मजबूर कर दिया। इस बयान के बाद असम पुलिस ने एमएलए हाजी अमीनुल इस्लाम को गिरफ्तार किया गया है। पुलवामा हमले की तरह ही, अमीनुल इस्लाम ने पहलगाम कांड को भी 'सरकारी साजिश' करार देते हुए कहा था कि

> **दो बार विधायक रह चुके हैं और AIUDF के पुराने नेताओं में गिने जाते हैं। वे हमेशा ही मुखर और विवादास्पद बयानों के लिए चर्चा में रहे हैं।**

केंद्र सरकार बार-बार ऐसी घटनाओं को अंजाम देकर हिंदू-मुस्लिम ध्रुवीकरण की राजनीति करती है। नगांव में प्रचार के दौरान उनके 2 मिनट 45 सेकंड के बयान में उन्होंने कहा- 'अगर केंद्र सरकार पहलगाम मामले की निष्पक्ष जांच नहीं कराती तो हम मानेंगे कि ये मोदी-शाह की साजिश थी।इस बयान के बाद 24 अप्रैल को असम पुलिस ने उन पर राजद्रोह और सांप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का मामला दर्ज किया और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। ष्टरू हिमंता बिस्वा सरमा ने सख्त लहजे में कहा :'देश की एकता पर सवाल उठाने वाले ऐसे गद्दारों को बख्शा नहीं जाएगा।' BJP ने इस बयान को 'राष्ट्रविरोधी' करार देते हुए तुरंत कार्रवाई की मांग की, जबकि अमीनुल की पार्टी AIUDF ने खुद को बयान से अलग कर लिया। पार्टी ने कहा कि यह अमीनुल के निजी विचार हैं, पार्टी की नहीं।

**16 गिरफ्तारियां और बढ़ती सख्ती:** अमीनुल इस्लाम अकेले नहीं हैं जिन्हें इस मामले में अरेस्ट किया गया। पहलगाम हमले के बाद असम में अब तक 16 लोगों को 'उकसावे और देशद्रोही बयान' देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। सोशल मीडिया पर 'भड़काऊ पोस्ट' और विडियो बयानों के आधार पर ये गिरफ्तारियां हुई हैं। हाजी अमीनुल इस्लाम असम की राजनीति का जाना-पहचाना चेहरा हैं।

### पहलगांव हमले में मारे गए 6 निर्दोष नागरिकों के परिजनों को 50-50 लाख देगी महाराष्ट्र सरकार



**एजेंसी**

**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कैबिनेट की बैठक में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में मारे गए महाराष्ट्र के 6 निर्दोष नागरिकों के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक मदद किए जाने का निर्णय लिया है। साथ ही इस घटना के प्रभावितों को 5 लाख रुपये की आर्थिक मदद किए जाने का भी निर्णय लिया है। राज्य सरकार इस घटना में मृतक जगदाले की बेटी को सरकारी नौकरी देने का भी निर्णय कैबिनेट की बैठक में लिया है। पहलगांव में हुए आतंकी हमले में कुल 26 निर्दोष लोगों की जान चली गई थी। इनमें महाराष्ट्र के छह लोगों की मौत हुई थी। इनमें हेमन्त सतीश जोशी (ठाणे), अतुल श्रीकांत मोने (मुंबई), संजय लक्ष्मण लेले (ठाणे), दिलीप देसले (पनवेल), संतोष जगदाले (पुणे) और कौस्तुभ गनबोटे (पुणे की जान चली गई थी। आज कैबिनेट की बैठक में इन छह लोगों के आतंकी हमले में निधन होने पर श्रद्धांजलि दी गई।

## आज यूपी माफिया, दंगा, गुंडा और अपराध मुक्त भी है - सीएम योगी

**एजेंसी**

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों को आश्वस्त किया है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत 8 वर्षों में प्रधानमंत्री मोदी के विजन के अनुरूप मजबूती के साथ सफलता की ओर कदम बढ़ाए हैं। बिना रुके, बिना थके, बिना डिगे यह यात्रा अनवरत जारी रहेगी। आज उत्तर प्रदेश में एक्सप्रेसवे का सबसे बड़ा नेटवर्क है। सर्वाधिक मेट्रो का संचालन उत्तर प्रदेश कर रहा है। रेलवे का सबसे बड़ा नेटवर्क यूपी के पास है। देश की पहली रैपिड रेल यूपी में चल रही है और देश का पहला इनलैंड वॉटरवेज यूपी में है।

उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा संचालित 45 से अधिक स्कीम को उत्तर प्रदेश लीड करता है। यह नए भारत का नया उत्तर प्रदेश है और नया उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को धरातल पर उतार कर अपने सामर्थ्य को देशवासियों के सामने रख रहा है। सीएम योगी ने



मंगलवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश जो 2017 में सातवीं अर्थव्यवस्था था, आज देश की नंबर दो अर्थव्यवस्था बन चुका है। एक ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनने के लिए उत्तर प्रदेश ने जो कदम बढ़ाए हैं, उसको आगे बढ़ाते हुए हम मानकर चलते हैं कि 2029 में उत्तर प्रदेश वन ट्रिलियन डॉलर इकोनॉमी बनेगा। उत्तर प्रदेश देश की अग्रणी अर्थव्यवस्था के रूप में अपने आप को स्थापित करेगा।सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत की आबादी का सबसे बड़ा राज्य है और देश का हृदय स्थल भी है। भारत की आत्मा उत्तर प्रदेश में निवास करती है, लेकिन जिन लोगों का एजेंडा विकास नहीं था, जिन लोगों ने उत्तर प्रदेश की इस आत्मा को पहचानने का कभी प्रयास नहीं किया, वह लोग उत्तर प्रदेश के बारे में अपने एजेंडे को जबरन उत्तर प्रदेश पर थोपते थे। इसके चलते उत्तर प्रदेश जो व्यापक संभावनाओं वाला प्रदेश था, वह 2014 के पहले पहचान के संकट से गुजर रहा था। नौजवान पहचान के लिए मोहताज हो गया, अन्नदाता किसान आत्महत्या के लिए मजबूर हो गया, यहां का श्रमिक भुखमरी का शिकार हो गया, बेटी और व्यापारी दोनों की सुरक्षा में सेंध लग चुकी थी, पर्व और त्योहार दहशत के माहौल में मनाने को मजबूर होना पड़ता था। उत्तर प्रदेश की पहचान एक सामर्थ्यवान और असीम संभावनाओं वाले प्रदेश के रूप में नहीं बल्कि एक बीमारू राज्य के रूप में होने लगी। 2017 से पहले सत्ता का संचालन करने वाले लोग चाहते ही नहीं थे कि उत्तर प्रदेश का कुछ हो।

## संक्षिप्त समाचार

### मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदाता जागरूकता वाहन को किया रवाना

**रांची**

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री के रवि कुमार ने राज्य के सभी मतदाताओं से अपील की है कि स्वयं भी मतदान करें और अपने आस पास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि मतदाता अपने अधिकार का सही इस्तेमाल करें एवं नैतिक मतदान के प्रति सजग बनें। वह रविवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा से मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के उदेश्य से जागरूकता वाहनों को झंडी दिखाकर रवाना करने के दौरान मीडिया से मुखातिब थे। श्री कुमार ने कहा कि विगत निर्वाचनों में जिन क्षेत्रों में कम मतदान हुआ है, उन सभी क्षेत्रों में इन प्रचार वाहनों के माध्यम से मतदाता जागरूकता से संबंधित संदेश प्रसारित किए जाएंगे। इस हेतु कुल 36 प्रचार वाहन तैयार किए गए हैं, जो राज्य के सभी 81 विधानसभा क्षेत्रों में घूम-घूमकर नैतिक मतदान के प्रति जागरूक करेंगें। प्रयास रहेगा कि अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार के प्रयोग के प्रति जागरूक होकर लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी सहभागिता निभाएं। प्रचार वाहनों को रवाना करने हेतु आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोक कलाकारों ने मतदाता जागरूकता से संबंधित स्थानीय लोकभाषा में मतदाता जागरूकता से संबंधित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा ने बताया कि विधानसभा निर्वाचन,2024 बाबत पूरे राज्य में स्थानीय थीमों को ध्यान में रखते हुए स्वीप के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस मौके पर संयुक्त मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री सुबोध कुमार, सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री देव दास दत्ता , उप निदेशक जनसंपर्क श्री आनंद सहित मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय के सभी पदाधिकारी- कर्मचारी मौजूद थे।

### झारखंड विधानसभा चुनाव : राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष सह समाजसेवी उत्तम यादव निर्दलीय खड़े होगे, रांची विधानसभा के लिए 24 अक्टूबर को करेगे नामांकनङ्ग..

**रांची,** विधानसभा सीट से राष्ट्रीय युवा शक्ति के अध्यक्ष सह समाजसेवी उत्तम यादव नामांकन करेगे। दरअसल मोहरी धर्मशाला में उत्तम यादव ने रविवार को अपने समर्थकों के साथ बैठक की। जिसमें सदस्यों ने बतौर निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करने को लेकर मंथन किया। पूरी बातों को जानने और समझने के बाद अब उत्तम यादव रांची से चुनाव में खड़े होगे।

बैठक में मौजूद सदस्यों ने कहा कि पिछले लंबे समय से समाज सेवा एवं राजनीतिक क्षेत्र में हर एक जगह उत्तम यादव ने संघर्ष किया हैं। अब रांची में बदलाव की जरुरत हैं। इसलिए हम सब ने निर्णय लिया है कि उन्हें चुनाव में खड़ा होना चाहिए। राष्ट्रीय युवा शक्ति के महासचिव दिलीप गुप्ता ने कहा कि राजधानी रांची में जनता की मूलभूत सुविधा नसीब तक नहीं हो पा रही है। पूर्व नगर विकास मंत्री और वर्तमान में राज्यसभा सांसद 1996 से लेकर 2024 तक निरंतर रांची का नेतृत्व कर रहे हैं। लेकिन रांची के लोगों को किसी प्रकार की सुविधा नहीं दी जा सकी है। वहीं, नौजवान चरस, अफीम, ब्राउन शुगर, इंजेक्शन की लत के चपेट में हैं। उन्होंने कहा कि नौजवानों में भटकाव को रोकने, हर घर को नल का जल, जल जमाव मुक्त रांची बनाने के संकल्प के साथ 24 अक्टूबर को उत्तम यादव निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन करेंगे '

### झारखंड पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की

**रांची :** झारखंड पार्टी ने रविवार को पांच उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी. इसमें खास बात यह है कि तमाड़ से पूर्व विधायक रमेश सिंह मुंडा के पुत्र राजकुमार मुंडा को उम्मीदवार बनाया है. वहीं राजकुमार मुंडा के भाई विकास मुंडा के झामुमो के टिकट पर चुनाव लड़ने की संभावना है. चार दिन पहले भी पार्टी ने पांच उम्मीदवारों की सूची जारी की थी. इसमें मनोहरपुर से महेंद्र जमुदा, सिमडेगा से आयरिन एकका, चाईबासा से कोलंबस हांसदा, कांके से अनिल कुमार पासवान और कोलेबिरा से संदेश एक्का का उम्मीदवार बनाया गया है. अब तक पार्टी ने 10 उम्मीदवार घोषित कर दिए गए हैं. झारखंड पार्टी ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है.

**विधानसभा सीट उम्मीदवार का नाम**

खरसांवा सिद्धार्थ होनहागा
जगन्नाथपुर लक्ष्मी नारायण गगराई
तमाड़ राजकुमार मुंडा
बड़कागांव मुख्तार अंसारी
सिमरिया लाल किशोर दास

### इशिता गांगुली ने अक्षय तृतीया को श्रधा से मनाया



**रांची,** कलाकार अपने करियर में कई तरह के किरदार निभाते हैं – कुछ पॉजिटिव, कुछ नेगेटिव। कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है शेमारू उमंग के लोकप्रिय शो बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन में, जहाँ चमकीली का किरदार निभा रही है अभिनेत्री इशिता गांगुली। चमकीली तेज और शातिर है, जो सबके नाक में दम करती है और अपनी चालों से चैना की जिंदगी में अर्चनें पैदा करती रहती है। लेकिन असल जिंदगी में इशिता गांगुली एक बेहद शांत, धार्मिक और सरल स्वभाव की हैं। अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर इशिता ने कहा, ҄यह दिन मेरे और मेरे परिवार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। कहा जाता है कि अक्षय तृतीया पर नया काम शुरू करने से सफलता और शुभता प्राप्त होती है। इशिता ने इस दिन सोना खरीदने की पारिवारिक परंपरा के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ҄हमारे परिवार में अक्षय तृतीया पर सोना खरीदना एक महत्वपूर्ण परंपरा रही है।

# आइएचएम रांची में चतुर्थ ग्रेजुएशन सेरेमनी का आयोजन

**दिव्य दिनकर संवाददाता**




मांडर - झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा कि आतिथ्य के क्षेत्र में कितनी संभावनाएं है उसकी आप कल्पना नहीं कर सकते हैं. यह क्षेत्र न केवल आर्थिक दृष्टि से बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण है. आज हमारा देश आतिथ्य और पर्यटन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है. प्राकृतिक सुंदरता, ऐतिहासिक स्थल और विविधता भारत को एक बेहतरीन पर्यटन स्थल बनाते है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अतुल्य भारत अभियान ने देश में पर्यटन और आतिथ्य को नई दिशा दी है. वह मंगलवार को इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट (आइएचएम) ब्रांबे, रांची की ग्रेजुएशन सेरेमनी में बोल रहे थे. सेरेमनी में संस्थान के तीन वर्षीय बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन पाठ्यक्रम (2022-25) के 77 विद्यार्थियों को अध्ययन समापन प्रमाण पत्र व देश-विदेश के विभिन्न होटलों तथा सेवा क्षेत्रों द्वारा नियुक्ति पत्र दिया गया. इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि यह एक ऐसा अवसर है जो कि विद्यार्थियों के जीवन में नई शुरूआत का प्रतीक है. विद्यार्थियों ने कड़ी मेहनत, संघर्ष और प्रयास के बाद यह उपाधि प्राप्त की है. अब उनके सामने अवसर और चुनौतियां दोनों है. छात्रों ने जो शिक्षा प्राप्त की है. यह न केवल उनके व्यक्तित्व को न सिर्फ श्रेष्ठ बनाएगी बल्कि आतिथ्य के क्षेत्र में सफलता के नये आयाम स्थापित करने में उनकी मदद भी करेगी. राज्यपाल ने उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों के उज्वल भविष्य की कामना की और कहा कि आपके सामने अब असीम संभावनाओं से भरी दुनिया है. आप कड़ी मेहनत, समर्पण और ईमानदारी के साथ आगे बढ़ें, अपने सपनों को साकार करें और अपने संस्थान, राज्य व देश का गौरव बढ़ाएं. राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आईएचएम रांची को लेकर कहा कि 2019 में स्थापित इस संस्थान ने न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि रचनात्मक और सांस्कृतिक क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण सफलताएं प्राप्त की है. आईएचएम रांची को वर्ष 2021 में मोस्ट एडमायर्ड होटल प्रबंधन संस्थान ऑफ द ईयर का सम्मान प्राप्त हुआ है साथ ही 2023, 24 व 25 में देश के शीर्ष होटल प्रबंधन संस्थान में शामिल हुआ है. और छात्रों का शत प्रतिशत प्लेसमेंट प्राप्त करने में भी सक्षम रहा है. इससे पहले राज्यपाल ने 22 अप्रैल को कश्मीर के पहल गाम में हुए आतंकी हमले में मारे गये मासूम निदोर्षों को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि हम सभी पीड़ित परिवार जनों के साथ हैं. प्रधानमंत्री ने कहा है कि आतंकियों और इसकी साजिश रचनेवालों को कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी. क्योंकि हमारा देश किसी को छेड़ता नहीं है, लेकिन कोई अगर छेड़े तो हम उसे छोड़ते भी नहीं हैं.

पर्यटन सचिव मनोज कुमार ने मंचस्थ उपस्थित मुख्य अतिथि, संस्थान के प्राचार्य, कर्मी, सभी अभिभावक एवं उपस्थितगणों का आभार व्यक्त करते हुए वर्ष 2025 में ग्रेजुएट हो रहे छात्रों को देशभर के प्रतिष्ठित होटलों एवं सेवा क्षत्रों में शतप्रतिशत रोजगार प्राप्त करने हेतु बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य हेतु हार्दिक शुभकामनाएं दी. साथ हीं बताया की माननीय राज्यपाल की उपस्थिति को बड़े हीं गर्व की बात है तथा संस्थान को और आगे ले जाने में प्रेरणा भी मिलेगी.इसके अलावा छात्रों को आतिथ्य सत्कार के क्षेत्र में जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने के साथ विभाग एवं संस्थान का नाम रौशन करने के प्रेरित भी किया. साथ हीं संस्थान द्वारा लगातार वर्षों में कड़ी मेहनत से अनेकों उपलब्धियों को हासिल करने हेतु काफी सराहा एवं बताया की भविष्य में संस्थान के विकास में हर जरूरतों को पूरा करने हेतु विभाग अग्रसर रहेगा।

आईएचएम रांची के प्राचार्य डॉ. भूपेश कुमार ने इस समारोह में उपस्थित मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि के साथ सभी उपस्थितगन्नों का आभार व्यक्त करते हुए स्टूडेंट ऑफ द इयर एवम् सभी सफल छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ दी। तत्पश्चात डॉ. कुमार ने वर्ष 2019 में स्थापना के 6 वर्षों में संस्थान की कड़ी मेहनत एवं लगन से देश के टॉप 10 सरकारी होटल प्रबंधन संस्थानों में अपना नाम शुमार करने, सीएसआर 2025 की रैंकिंग सर्वे में टॉप 3 स्थान प्राप्त करने, प्रधानमंत्री जी के आह्वाहन पर झारखण्ड राज्य के मिलेट मडुवा आधारित लगातार वर्षों में स्थापित कीर्तिमान, नयी दिल्ली में यूनेस्को द्वार आयोजित विश्व धरोवर सममिति की 46 सत्र सम्मलेन में संस्थान के छात्रों द्वारा प्रतिनिधियों का आतिथ्य सत्कार करने जैसे उपलब्धियों को सभी के समक्ष साझा किया. साथ हीं अपने दिल के करीब छात्रों को इस वर्ष ग्रेजुएट होने एवं शतप्रतिशत रोजगार प्राप्त कर रहे छात्रों को भविष्य हेतु शुभकामनयें दी. इसके अलावा छात्रों को संस्थान का ब्रांडअम्बेसडर बताते हुए रोजगार हेतु जहाँ भी जाएँ जिम्मेदारीपूर्वक कार्य करने तथा अपने साथ साथ संस्थान का नाम रौशन करने हेतु निर्देशित किया. साथ हीं बताया कीम पर्यटन विभाग द्वारा जिस उद्देश्य से संश्तान की स्थापना की गयी उस ओर संस्थान लगातार वर्षों में छात्रों उच्च कोटि की शिक्षा देने के साथ सतप्रतिशत रोजगार मुहैया करा रहा है और आगे भी निरंतर अग्रसर रहेगा.

तत्पश्चात पूरे पाठ्यक्रम के दौरान उपस्थिति, शैक्षणिक परिणाम, पाठ्येतर गतिविधि, प्लेसमेंट में प्रदर्शन के आधार पर वर्ष 2025 हेतु सुश्री बिदिशा रे को ҄स्टूडेंट ऑफ द ईयर҄ चुनी गयी तथा गोल्ड मेडल एवं 11000 रुपये नगद पुरस्कार राशि से सम्मानित किया गया.

आईएचएम रांची के छात्रों ने संस्थान में आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में शानदार प्रदर्शन दिखाते हुए 100% प्लेसमेंट प्राप्त किया. कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में देशभर के कुल 15 नामी-गिरामी एवम् प्रतिष्ठित होटल ग्रुप एवं अन्य संस्थाओं ने हिस्सा लिया. इनमें ताज होटल्स, पार्क होटल्स, ओबेरॉय होटल्स, आईटीसी होटल्स, सोडेक्सो, दिल्ली ड्यूटी फ्री, स्टर्लिंग, महिंद्रा ग्रुप, मेफेयर, मैकडोनाल्ड, लाइट बाइट, रिलायंस ग्रुप, बीकानेरवाला, बीएनआर चाणक्या जैसी प्रतिष्ठित होटल एवम् सेवा क्षेत्रों ने शिरकत की. आयोजित कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में एक्सेकुटिव, मैनेजमेंट ट्रेनी, होटल ऑपरेशन्स ट्रेनी तथा एसोसिएट पद पर छात्रों का शतप्रतिशत चयन हुआ. स्नातक समारोह का समापन संस्थान के विभाग्ध्यक्ष डॉ. आलोक अस्वाल के धन्यवाद प्रस्ताव के साथ की गयी.

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2025 का वक्तव्य

स्टूडेंट ऑफ द ईयर 2025 विजेता सुश्री बिदिशा रे ने भावुक होते हुए बताया की यह पल मेरे लिए अत्यंत विशेष और विनम्रता से भरपूर है तथा यह पुरस्कार प्राप्त करना केवल मेरा व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि यह उस अद्भुत सहयोग और मार्गदर्शन का प्रतीक है जो मुझे आईएचएम रांची की इस प्रेरणादायक यात्रा में मिला। मैं हार्दिक रूप से हमारे माननीय प्राचार्य, सभी सम्मानित शिक्षकों, मार्गदर्शकों और अपने प्रिय मित्रों का आभार प्रकट करना चाहता हूँ जिनके आपके निरंतर सहयोग, प्रोत्साहन और मार्गदर्शन ने मुझे हर कदम पर सशक्त बनाया. यह पुरस्कार सिर्फ मेरी मेहनत का फल नहीं है, बल्कि आईएचएम रांची के समृद्ध शैक्षणिक वातावरण, मूल्यों और अवसरों की झलक है. मुझे गर्व है कि मैं ऐसे संस्थान का हिस्सा रही, जिसने हमें सिर्फ पढ़ाया नहीं, बल्कि हमें जीवन के लिए तैयार किया. आज जब मैं अपने जीवन के अगले चरण की ओर बढ़ रहा हूँ, मैं वादा करता हूँ कि आईएचएम रांची की विरासत को गर्व, जुनून और उद्देश्य के साथ आगे ले जाउंगी!

## भक्ति, आस्था और उल्लास से गूंजा बारादाहा: श्री श्री 1008 बजरंगबली मंदिर में भव्य कलश यात्रा सम्पन्न

**देवघर।** बारादाहा स्थित श्री श्री 1008 बजरंगबली मंदिर में आज एक भव्य और श्रद्धामयी कलश यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। खासकर पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाएं सिर पर कलश लेकर भक्ति के रंग में डूबी नजर आईं। जय श्रीराम और जय बजरंगबली के जयघोषों से पूरा क्षेत्र गूंज उठा। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से शुरू होकर गांव के प्रमुख रास्तों से होती हुई पुनः मंदिर में संपन्न हुई। इस पावन मौके पर इंद्रदेव की कृपा से मौसम भी सुहावना बना रहा, जिससे श्रद्धालुओं को कोई परेशानी नहीं हुई। पूरे आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक गीतों ने माहौल को भक्तिमय बनाए रखा। मंदिर समिति द्वारा पेयजल, चिकित्सा और विश्राम की उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता और दूर-दराज से आए भक्तों की भी बड़ी उपस्थिति देखी गई। कलश यात्रा का समापन सामूहिक आरती



और प्रसाद वितरण के साथ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने भगवान बजरंगबली से सुख-समृद्धि और कल्याण की कामना की।

## मां सरस्वती जी के नवनिर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह, प्रथम दिन

### प्राण प्रतिष्ठा समारोह कलश शोभायात्रा से हुई शुभारंभ

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

रांची -आज 29 अप्रैल को विद्या की देवी मां सरस्वती जी का नव निर्मित मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह कलश शोभा यात्रा से शुरू हुई जिसमे हजारों महिलाओं के साथ-साथ स्कूल के बच्चे भी शामिल हुए। कार्यक्रम की अध्यक्षता गुरुकृपा पब्लिक स्कूल( जतरा मैदान,दयालनगर,पिस्कामोड़ )के निदेशक रत्नेश सिंह सोलंकी ने किया। विधि विधान से मंत्रोपचारण के साथ पुजारी रवि शास्त्री जी के द्वारा प्रायश्चित संस्कार,कलश यात्रा,मंडप प्रवेश,वेदी पूजन,मूर्ति का अन्नाधिवास,पुष्पाघिवास,फलाघिवास,महाआरती आदि पूजा अर्चना कराई गई ।पूजा अर्चना के बाद महाप्रसाद का वितरण हुआ। आज के समारोह में अतिथि के रूप में झारखंड उच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता सोनाली भट्टाचार्य,विश्वकर्मा युवा सुरक्षा मंच के राष्ट्रीय मुख्य संयोजक संतोष कुमार श्रेयांश, नाक,कान,गला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिषेक कुमार रामधीन, लायंस क्लब रांची हरिकनक ग्रेटर के अध्यक्ष लायन राजेश केडिया,लायन प्रेमशंकर मिश्रा,अंकशास्त्री अभिषेक पांडे,छात्र क्लब मानव कल्याण मंच के वरीय संरक्षक विजय कुमार पाठक,वाणिज्यकर पदाधिकारी रांची नवीन प्रसाद साहू,सेंट जेवियर्स कॉलेज रांची के व्याख्याता ईभाना चक्रवर्ती,झारखंड रत्न डॉक्टर आर.के. हाजरा( वर्ल्ड क्लास एक्यूपंक्चर स्पाईन स्पेशलिस्ट ),आस्था चैनल एवं टी.सीरीज गायिका वीणाश्री,भारतीय लोक कल्याण संस्थान के निदेशक चंदेश्वर सिंह उर्फ नंदू जी,लक्की एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के ट्रस्टी दीपक कुमार साहू,छात्र क्लब बुद्धिजीवी मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा एवं संरक्षक रवि मेहता,कृषि पदाधिकारी सुधीर कुमार गुलशनआदि उपस्थित रहे। आज के कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्यरूप से विद्यालय के स्वप्निल सिंह सरस,रानी किंगर,कोमल जसूजा,अनिता राय,पायल चक्रवर्ती,निशा शहदेव,विक्की घोष,पूनम प्रसाद, अंकिता डे सरकार,सुजाता तिवारी,मधु सिंह,रामप्रवेश दुबे, रिंकी पांडे,प्रीति कुमारी,मौसमी घोष, बिन्नी कटारिया,मुस्कान तनेजा,सोनू गोप,अर्जुन गोप,दीपक कुमार,अनीता टोप्पो,पम्मी ठाकुर,तराना प्रिया,उषा वर्मा,लाली उरांव,निशा तिग्गा,नंदन कुमार, बिरज कुमार,काव्या कुमारी,आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

## जमीनी स्तर पर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने के लिए एवं संविधान बचाने के लिए तन मन से काम करने की जरूरत: मुदस्सिर हक

**दिव्य दिनकर संवाददाता**

**मांडर –** मांडर प्रखंड के मांडर में कांग्रेस पार्टी की बैठक मंगलवार को मांडर के विधायक कार्यालय में प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि मांडर प्रखंड के पर्यवेक्षक कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सह बेड़ो उप प्रमुख मुदस्सिर हक उपस्थित हुए। बैठक में 6 मई को रांची में प्रदेश स्तरीय संविधान बचाओ कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मांडर प्रखंड से अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का निर्णय लिया गया। बैठक को संबोधित करते हुए उप प्रमुख मुदस्सिर हक ने कहा कि जमीनी स्तर पर संगठन को मजबूत करने के लिए तनमन से काम करना होगा। कांग्रेस



पार्टी वर्ष 2025 को संगठन सृजन वर्ष के रूप में मना रही है। जिसमें पार्टी के प्रति वफादार और ऊजार्वान कार्यकताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। आज देश की हालात विकट परिस्थिति से गुजर रही है। बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। देश की सीमाएं सुरक्षित नहीं है। ऐसे में अगले 2029 में केंद्र में कांग्रेस की सरकार को बनाने के लिए पूरे देश में कांग्रेस संगठन को धार देने का काम राष्ट्रीय अध्यक्ष मलिकार्जुन खड़गे व राहुल गाँधी कर रहे हैं। इसके लिए जिला, प्रखंड, पंचायत स्तर पर संगठन को मजबूती प्रदान करना होगा। बैठक में रांची जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष शमीम अख्तर, प्रमुख फिलिप्स सहायक एक्का, उप प्रमुख अमानत अंसारी, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता आबिद अंसारी, प्रखंड अध्यक्ष मंगा उरांव, जमील मालिक, मंडल अध्यक्ष तबारक खान, होसे उरांव, संजय, जुवेल उरांव, राजीव रंजन,नसीम अंसारी, श्रीफिना मिंज,सरिता एक्का, मोहसिन खान तस्लीम,अर्जुन महतो,आशुतोष तिवारी समसुल अंसारी,बेलस मिंज,बंधु टोप्पो,सभी प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सभी पंचायत के पंचायत अध्यक्ष, एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता गण उपस्थित थे।

## कैंटाबिल ने प्रभातम मॉल और सरायढेला में दो नए स्टोर लॉन्च कर धनबाद में अपनी खुदरा उपस्थिति का विस्तार किया




**धनबाद :** भारत के अग्रणी परिधान निमार्ता और खुदरा विक्रेताओं में से एक कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने प्रभातम मॉल और सरायढेला में अपने दो नवीनतम स्टोर लॉन्च करके धनबाद में अपनी उपस्थिति को और मजबूत किया है।

प्रभातम मॉल में दुकान नंबर 12-ए, ग्राउंड फ्रलोर पर 817 वर्ग फुट क्षेत्र और सरायढेला सेक्टर-1 , यूनिवेस्टा टॉवर में 2499 वर्ग फुट क्षेत्र में स्थित स्टोर बढ़ती शहरी आबादी की उभरती फैशन जरूरतों को पूरा करते हैं।

कैंटाबिल पहले से ही प्रभातम मॉल में मेन्सवियर एवं एसेसरीज की एक दुकान संचालित करता है और अब महिलाओं एवं बच्चों के फैशन की बढ़ती मांग को देखते हुए कम्पनी ने उसी स्थान पर महिलाओं और बच्चों के कपड़ों का फैशन स्टोर लॉन्च किया है। दूसरी ओर इसने धनबाद के सरायढेला में एक और स्टोर लॉन्च किया है, जिसे फैमिली-वियर स्टोर के रूप में डिजाइन किया गया है, जो घर के हर सदस्य के लिए स्टाइलिश कपड़ों के विकल्प प्रदान करता है।

कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड के निदेशक दीपक बंसल ने सरायढेला में फैमिली-वियर स्टोर और प्रभातम मॉल में महिलाओं और बच्चों के कपड़ों के आउटलेट को जोड़कर धनबाद में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने पर प्रसन्नता व्यक्त की। कैंटाबिल ने मिड-प्रीमियम सेगमेंट में ग्राहकों से अपार प्रशंसा प्राप्त की है। पूरे भारत में एक मजबूत उपस्थिति के साथ कैंटाबिल आने वाले वर्षों में अपने रिटेल बिजनेस का और विस्तार करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। नवीनतम संग्रहों के प्रदर्शन के साथ, नए स्टोर यह सुनिश्चित करते हैं कि धनबाद के ग्राहकों को महानगरों में उपलब्ध समान समकालीन फैशन रुझानों तक पहुँच प्राप्त हो। यह विस्तार एक बेहतर खरीदारी अनुभव प्रदान करने और देशभर में आधुनिक फैशन को सुलभ बनाने के लिए कैंटाबिल के निरंतर समर्पण को उजागर करता है।

कैंटाबिल रिटेल इंडिया लिमिटेड ने 2000 में अपनी स्थापना के बाद से फैशन परिदृश्य को आकार दिया है। वस्त्र उद्योग की एक प्रमुख अग्रणी कम्पनी के रूप में कैंटाबिल ने परिधानों की एक विस्तृत रेंज तैयार की है, जिसमें पुरुषों और महिलाओं के परिधानों के साथ-साथ बच्चों के लिए एक शानदार संग्रह शामिल है। पिछले 24 शानदार वर्षों में कैंटाबिल भारत के अग्रणी पारिवारिक परिधान ब्रांड के रूप में विकसित हुआ है, जिसने 2000 में पुरुषों के परिधान, 2007 में महिलाओं के परिधान और 2018 में बच्चों के लिए एक शानदार लाइन पेश की। नवाचार के प्रति कम्पनी की प्रतिबद्धता 2023 में एथलीजर वियर और शूज के लॉन्च के साथ जारी रही, जो इसके विविध पोर्टफोलियो को पूरक बनाती है जिसमें शर्ट, ट्राउजर, डेनिम, सूट, ब्लेजर, जैकेट और बहुत कुछ शामिल हैं। परिधानों से आगे बढ़कर, कम्पनी ने परफ्यूम से लेकर वॉलेट तक एक्सेसरीज में भी कदम रखा है, जिससे खरीदारी का समग्र अनुभव सुनिश्चित होता है।

## भाजपा नेता राकेश सिंह को खुशहालपुर ढाला से मठककरा गाँव तक रोड पास होने पर अंग वस्त्र से स्वागत किया गया



**सोनपुर ,** दरियापुर प्रखंड के खुशहालपुर ढाला से मठककरा गाँव तक रोड पास हो जाने पर ग्रामीणों मे खुशी का माहौल है आज टेंडर होने पर ग्रामीणों ने भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह का फुल माला और अंग वस्त्र से जोरदार किया यह रोड करीब तीन करोड़ कि लागत से बनेगा यह रोड बन जाने से कई गाँव के लोगो को लाभ होगा इस रोड को बनवाने के लिए ग्रामीणों ने सांसद राजीव प्रताप रूडी से बहुत दिन से कर रहे थे जिसके बाद आज उनके प्रयास से रोड का टेंडर होने पर ग्रामीणों मे खुशी का माहौल है इस अवसर पर वार्ड सदस्य मुकेश गिरी अनिल मिश्रा अमरजीत गिरी मुखिया प्रतिनिधि अजीत सिंह जीतेन्द्र गिरी वार्ड सदस्य बुलबुल सिंह प्रमोद सिंह अमरनाथ गिरी ददन गिरी निरंजन जी अरबिंद शर्मा सहित अनेक लोग उपस्थित थे सभी लोगो ने इस कार्य के लिए सांसद राजीव प्रताप रूडी जी को धन्यवाद दिया।

## संक्षिप्त समाचार

### शहीदों को समर्पित रहा परशुराम जयंती की पूर्व संध्या का कार्यक्रम, दीप जलाकर दी गई श्रद्धांजलि



**देवघर।** परशुराम स्थल, देवघर में आज का दिन श्रद्धा, संकल्प और शोक से भरा रहा। पहलगाम हमले में शहीद हुए लोगों को समर्पित कर इस बार परशुराम जयंती की पूर्व संध्या पर समस्त सनातनी समाज ने दीपोत्सव और शंखनाद की जगह शांति और श्रद्धांजलि का कार्यक्रम आयोजित किया।

बजरंगी चौक से परशुराम स्थल तक हर वर्ष होने वाला दीपोत्सव इस बार एक अलग ही रूप में देखने को मिला। पूरे देश की तरह देवघर के सनातनी समाज में भी शोक व्याप्त है। इसी भावना के साथ सैकड़ों लोगों ने काली पट्टी बांधकर, दीप जलाकर और मौन रखकर शहीदों को श्रद्धांजलि दी। भगवान परशुराम से सभी ने प्रार्थना की कि शहीद आत्माओं को शांति मिले और भारतविरोधी ताकतों व आतंकवाद का शीघ्र अंत हो। इस मौके पर तरुण ठाकुर, महेश राय, ललन मिश्रा, संजीत राय, कुणाल राय, भावेश भूषण, अमरेश राज, दीपक राय, संजीव झा, सूरज चौधरी, गौरव राज, राजीव रंजन, आशुतोष कुमार, मुकेश कुमार, निलेश सिंह, शुभम राय, विनय राय, भास्कर राय, राहुल राय समेत अन्य मौजूद रहे।

### उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा ने कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का किया आयोजन

साहिबगंजः उप विकास आयुक्त सतीश चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यालय प्रकोष्ठ में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान उप विकास आयुक्त ने क्षेत्र के लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए आवश्यक निर्देश दिए। बड़ी संख्या में नागरिक अपनी शिकायतों और सुझावों के साथ जनता दरबार में पहुंचे।जनता दरबार में प्रमुख रूप से भूमि विवाद, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, पेंशन, जल आपूर्ति, सड़क निर्माण और अन्य स्थानीय मुद्दों से संबंधित शिकायतें उठाई गईं। उपायुक्त ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को मौके पर ही समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।उप विकास आयुक्त ने कहा, ₹जनता दरबार का उद्देश्य आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुलझाना है। प्रशासन जनता के साथ मिलकर उनके हित में कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आज प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा

**मंडरोः** हाजीपुर फौजदारी दुर्गा पूजा समीप स्तिथ नवनिर्मित बजरंगबली मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के दूसरे दिन पूजा किया गया। मुख्य यजमान बुटूल उर्फ उमाशंकर मिश्र द्वारा बताया गया की बजरंगबली मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से पहले तीस अप्रैल 2025 को सुबह में प्रतिमा का नगर भ्रमण कराया जाएगा। इसके बाद मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा विधिवत पूजा अर्चना के साथ होगा। क्षेत्र में भक्तिमय माहौल बना हुआ है। मौके पर हाजीपुर फौजदारी दुर्गा मंदिर के अध्यक्ष सुमित कुमार यादव (बंटी यादव) ,उपाध्यक्ष संजय पासवान ,कोषाध्यक्ष दीपक यादव, सचिव चंद्रशेखर यादव ,उप कोषाध्यक्ष रंजीत कुशवाहा, पूर्व अध्यक्ष विनोद बिहारी यादव, सुधांशु यादव, राजेश पासवान, भिखन यादव, मुकेश कुमार उर्फ (भवेश यादव)पप्पू यादव , चंद्रशेखर शर्मा, सदानंद शर्मा, नवल किशोर चौरसिया, मोहन यादव, मुन्ना यादव, मुकेश पासवान , पप्पू यादव, चंद्रशेखर समेत अन्य मौजूद थे।

### कपड़ा दुकानदार से मारपीट मामले में थाना में प्राथमिकी दर्ज

**मंडरो** : मिजाचौकी थाना क्षेत्र के कौड़ी खुटाना कपड़ा के दूकानदार एवं ग्राहक के साथ बीते सोमवार शाम को मारपीट को लेकर दूकानदार अमन कुमार ने मिजाचौकी थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है । आवेदन में अमन कुमार ने बताया है कि सोमवार के शाम ग्राम हीरा खुटहरी थाना मेहरमा जिला गोड्डा के रहने वाले पांच लोगों ने मेरे दूकान में आकर गाली गलौज एवं मारपीट कर काउंटर से लगभग एक लाख पचास हजार रुपए एवं सोने का चयन छीन कर ले गया। वहीं अमन ने यह भी बताया कि मारपीट के क्रम में बीच बचाव करने आए उसका भाई सुभम कुमार भगत, अमित कुमार भगत एवं अनिश भगत के साथ भी मारपीट किया गया जिसमें सुभम कुमार एवं उसके(अमन) के शिर में चोट लगी है। उक्त घटना सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। जिसका वीडियो सभी वॉट्सएप न्यूज ग्रुप में फैल चुका है।मामले को लेकर मिजाचौकी थाना में 27/25 प्राथमिकी दर्ज किया गया है। वही मिर्जाचौकी पुलिस जांच में जुट गई है।

### प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर सचिव द्वारा वृद्धा आश्रम व बाल आश्रय गृह का किया गया निरीक्षण

रिपोर्ट- अविनाश मंडल

**पाकुड़ः** झालसा रांची के निदेर्शानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह के निर्देश पर डालसा सचिव रूपा बंदना किरो द्वारा पाकुड़ जिला के सनाजोड़ी में स्थित (ओल्ड एज होम ) वृद्धा आश्रम व चापादंगा स्थित बाल आश्रय गृह का निरीक्षण किया गया। जिसमें ज़िला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ के सचिव रूपा बंदना किरो द्वारा ओल्ड एज होम के स्थिति जैसे पानी के सुविधा , साफ सफाई, मेडिकल जांच समेत खानपान की बारीकी से जांच कर अवगत हुए। सभी वृद्ध महिला, पुरूष से बात कर उनके समस्या एवम् सुविधा के बारे में जानकारी ली। सभी के रहने का वार्ड का भी निरक्षण किया गया। खिड़की का टूटा शीशा को जल्द से जल्द मरमती को लेकर कहा गया। खिड़की के टूटे शीशा को दुरुस्त कराने को लेकर संचालक द्वारा बताया गया कि काम चल रहा है। इससे पूर्व में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार पाकुड़ शेष नाथ सिंह द्वारा करवाई को लेकर आवश्यक निर्देश दिया गया था। जिससे मरमती का कार्य हो रहा है इस दौरान उपस्थित वृद्ध के बीच फलों का वितरण किया गया। वृद्धाश्रम के संचालक को सचिव रूपा बंदना किरो द्वारा कई दिशा निर्देश दी गई।

# मुंगेर पुलिस के एक्शन पर लोग उठा रहे सवाल, सीआरपीएफ जवान के घर बिना सर्च वारंट घुसी पुलिस

## रात के 12 बजे सो रही महिलाओं को जगाया और छापामारी करने लगी

**मुंगेर में पुलिस के एक्शन पर सवाल उठ रहे हैं**

**जिस वक्त पुलिस घर में घुसी उस वक्त घर में महिलाएं सो रही थी**



दिव्य दिनकर डॉ शशिकांत सुमन

मुंगेर। मुंगेर जिला अंतर्गत मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मय सिकंदरपुर गांव में देर रात एक सीआरपीएफ जवान के घर बिना सर्च वारंट के पुलिस द्वारा प्रवेश किया गया। जिसके बाद पुलिस घर के अंदर विभिन्न जगहों पर जाकर छापेमारी करने लगी। इस दौरान महिला और पुरुष जवान भी मौजूद थे। जबकि दूसरी तरफ सीआरपीएफ जवान के घर में उस वक्त सिर्फ महिलाएं ही मौजूद थी। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मारपीट की घटना को भी अंजाम दिया है। जो पीड़ित के घर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। इस बर्बरतापूर्ण पुलिसिया कार्रवाई को लेकर पीड़िता ने सोमवार को एसपी सैय्यद इमरान मसूद से मिलकर साक्ष्य के तौर पर वीडियो एवं फोटो देकर आरोपित पुलिस कर्मी पर उचित कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित महिला गीता देवी द्वारा एसपी को दिए गए आवेदन में बताया कि वह कई तरह की गंभीर बीमारी से ग्रसित है। वहीं रविवार की देर रात लगभग 12 बजे पुलिस मुख्य दरवाजे को जोर-जोर से पीटने लगी और दरवाजा खुलवाने की बात कही गई। जिस वक्त पुलिस द्वारा दरवाजा खुलवाने की कोशिश की जा रही थी, उस वक्त घर में उक्त पीड़ित महिला की तीन जवान पुत्री और छोटे बच्चे मौजूद थे।

जब काफी तेज आवाज आने लगी तो महिला के बेटे वलराम कुमार ने दरवाजा खोल दिया, जिसके बाद पुलिस कर्मियों द्वारा कहा गया कि हम लोग नवल यादव को पकड़ने आए हैं। फिर अचानक सभी पुलिस कर्मी घर के अंदर तलाशी लेने लगे। जबकि महिला ने बताया कि यह नवल यादव का नहीं, बल्कि सीआरपीएफ जवान धर्मदेव यादव का है। इसके बावजूद भी पुलिस ने एक ना मानी और घर में छापेमारी करने लगी। जब परिजनों द्वारा इस घटना को लेकर विडियो बनाया जाने लगा तो इससे पुलिस कर्मी और अधिक उग्र होकर धमकी देने लगे कि सभी को जेल भेज देंगे।

वहीं, महिला के भतीजा अभिषेक कुमार को पुलिस थाने लेकर चली गई और दूसरे दिन आधार कार्ड व आवेदन जमा करने पर छोड़ दिया गया। पीड़ित परिवार ने इस पुलिसिया कार्रवाई को लेकर एसपी से मदद की गुहार लगाते हुए ऐसे पुलिस कर्मी पर जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

**बोले थानाध्यक्ष**

वहीं, इस संबंध में मुफस्सिल थाना प्रभारी दीपक कुमार ने बात की, उन्होंने कहा कि आरोपी नवल यादव गैरजमानती लोन वारंटी था। जिसे पकड़ने के लिए पुलिस नवल यादव के घर गई थी, लेकिन जब नवल यादव के बेटे से हम लोगों ने पूछताछ की तो उसने अपने चाचा के घर में घुसा दिया और कहा कि यह मेरा घर है। इसके आगे थाना प्रभारी ने बताया कि हम लोग अनजाने में घर में छापेमारी करने लगे, इतने देर में नवल यादव फरार हो गया।

## एसीबी की टीम ने रिश्वत लेते जनसेवक को रंगे हाथ किया गिरफ्तार

रिपोर्ट- अविनाश मंडल

पाकुड़ प्रखंड के जमशेरपुर पंचायत के जन सेवक वतन कुमार को दुमका एसीबी टीम ने 10 हजार रुपये घूस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है । घटना मंगलवार की है जमशेरपुर पंचायत में सिंचाई कुप निर्माण में जनसेवक वतन द्वारा 20000 की मांग की गई थी । घूस मांगने की जानकारी दुमका एसीबी टीम को दी गई थी । शिकायत के बाद एसीबी की टीम द्वारा अपने स्तर से जांच किया । इसके बाद तय योजना के अनुसार मंगलवार को को पुनः एसीबी की टीम के डीएसपी के नेतृत्व में पाकुड़ पहुंची और सादे लिबास में ब्लॉक परिसर में इंतजार करने लगे। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार असीकुल द्वारा चाय नाश्ता कर कर पैसा दिया गया पहली किस्त दस हजार नगद दे दिया ।

# जमुई में 28 वर्षों से रह रही पाकिस्तानी नागरिक नरगिस बानो को भारत छोड़ने का आदेश

**नरगिस बानो ने 1998 में जमुई के मोहम्मद गाजी से शादी कर ली थी और तब से भारत में ही रह रही हैं**

दिव्य दिनकर रंजीत विद्यार्थी



मुंगेर/जमुई। पाकिस्तानी नागरिक नरगिस बानो ने 1998 में जमुई के मोहम्मद गाजी से शादी कर ली थी और तब से भारत में ही रह रही हैं। नरगिस के पति ने कहा कि अगर सरकार को जरा भी आपत्ति होगी तो हम खुद अपनी पत्नी को पाकिस्तान भेज देंगे। सरकार के खिलाफ हम कभी कोई काम नहीं करेंगे। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को भारत छोड़ने का आदेश जारी कर दिया है। इस आदेश के बाद जांच एजेंसियां पाकिस्तानियों को खोज-खोज कर वापस भेज रही हैं। इस जांच में बड़ी संख्या में ऐसी महिलाएं सामने आई हैं, जो पाकिस्तान से हैं लेकिन भारत में शादी करके कई वर्षों से यहीं रह रही हैं। ऐसा ही एक मामला मुंगेर प्रमंडल अंतर्गत जमुई जिला से सामने आया है। पाकिस्तानी नरगिस बानो भी पिछले 28 साल से जमुई जिले के चंद्रदीप थाना अंतर्गत आढ़ा गांव में रह रही हैं। नरगिस बानो ने 1998 में जमुई के मोहम्मद गाजी से शादी कर ली थी और तब से भारत में ही रह रही हैं। उनके पति सरकारी स्कूल के शिक्षक हैं। दोनों के दो बेटे और दो बेटियां कुल मिलाकर चार बच्चे हैं। इनमें से एक बेटी की शादी भी हो चुकी है। अब नरगिस पर भारत छोड़ने का संकट मंडर रहा है और इससे वे काफी चिंता में हैं। उनके पति मोहम्मद गाजी का कहना है कि उनकी पत्नी काफी लंबे समय से भारतीय नागरिकता लेने की कोशिश कर रही हैं, लेकिन सफल नहीं हो रही हैं। उन्होंने बताया कि 2009 में उनकी पत्नी नरगिस ने भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन दिया था, जिसे स्थानीय प्रशासन ने समर्थन भी किया था। 2016 में प्रक्रिया ऑनलाइन होने पर उन्होंने फिर से नागरिकता के लिए आवेदन किया, लेकिन आज तक उनकी फाइलें कागजों में उलझी पड़ी हैं। अभी उनके पास वैध लॉन्ग टर्म वीजा है और जब तक सरकार इस वीजा को रद्द नहीं करती, तब तक वे भारत में रह सकती हैं. लेकिन अगर सरकार एलटीवी रद्द कर देती है, तो उन्हें वापस पाकिस्तान लौटना पड़ेगा।

इस स्थिति को लेकर नरगिस के पति मोहम्मद गाजी भावुक हो उठते हैं। वे कहते हैं कि अगर सरकार को जरा भी आपत्ति होगी तो हम खुद अपनी पत्नी को पाकिस्तान भेज देंगे। सरकार के खिलाफ हम कभी कोई काम नहीं करेंगे। लेकिन सोचता हूं, अगर उसे वापस भेजना पड़ा तो इन चार बच्चों के आंसू कौन पोंछेगा? गाजी कहते हैं कि आतंकवादियों का कोई मजहब नहीं होता, और पहलगाम की घटना इंसानियत की हत्या है। वे भारतीय कानून और सरकार के निर्णय का पूरी तरह सम्मान करते हैं। इस बीच गाजी खुद जमुई एसपी ऑफिस पहुंचे थे, जहां अधिकारियों ने उन्हें स्पष्ट किया कि नरगिस का वीजा और नागरिकता प्रक्रिया फिलहाल पूरी तरह वैध है और किसी तरह का खतरा नहीं है। जमुई एसपी मदन कुमार आनंद ने भी पुष्टि किया कि निर्देशों के अनुसार लॉन्ग टर्म वीजा धारकों को अभी भारत में रहने की अनुमति है। आगे सरकार जो भी निर्देश जारी करेगी, उसके अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालयों का निरीक्षण किया

रिपोर्ट- अविनाश मंडल

पाकुड़ःपाकुड़ खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी धनेश्वर हेम्ब्रम द्वारा मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय पाकुड़ एवं हिरणपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान विद्यालय की व्यवस्था, साफ-सफाई, छात्राओं के रहन-सहन और भोजन की गुणवत्ता की जांच तथा आवासीय विद्यालयों में आपूर्ति किये जा रहे खाद्य सामग्री का नमूना संग्रह किया गया। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने उपस्थित शिक्षकगण एवं विद्यालय द्वारा नियुक्त खाद्य मंत्री को खाद्य सामग्रियों को खरीदते समय पैकेट पर मैन्युफैक्क्रिंग तिथि, यूज्ड बाय/ एक्सपायरी तिथि, फूड लाइसेंस नंबर पर ध्यान देने को कहा गया। फूड कलर तथा फोर्टिफाइड फुड के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही किचन एवं डाइनिंग परिसर के साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने को कहा गया। किचन में कार्य कर रहे लोगों का फिटनेस



सर्टिफिकेट रखने को कहा गया। भोजन के मैनुअल के बारे में पूछताछ करने पर उपस्थित शिक्षिका के द्वारा बताया गया कि विद्यार्थियों को निर्धारित मेनू के अनुरुप ही खाना खिलाया जाता है।

### डीएम की अनुशंसा पर खगड़िया सदर के अंचलाधिकारी बृजेश पटेल निलंबित




राजस्व कार्यों में घोर लापरवाही पर विभाग ने लिया एक्शन

राजस्व कार्यों में घोर लापरवाही पर विभाग ने लिया एक्शन

दिव्य दिनकर रंजीत कुमार विद्यार्थी

मुंगेर/खगड़िया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने खगड़िया सदर के अंचलाधिकारी ब्रजेश कुमार पाटिल को निलंबित कर दिया है। निलंबन की अनुशंसा खगड़िया के जिलाधिकारी ने विभागीय अनुशासनिक प्राधिकार से की थी। विभाग के संयुक्त सचिव अनिल कुमार पांडेय के हस्ताक्षर से जारी पत्र के अनुसार पाटिल पर काम में घोर लापरवाही बरतने एवं राजस्व प्रशासन का कार्य नहीं संभाल पाने का आरोप है।

पत्र के अनुसार पाटिल के विरूद्ध बिहार भूमि दाखिल-खारिज अधिनियम के प्रावधानों का उल्लंघन करने एवं वास भूमि विहीन परिवारों को भूमि उपलब्ध कराने में शिथिलता बरतने के अलावा कई अन्य आरोप लगाए गए हैं।

एक आरोप हाई कोर्ट के आदेश की अवहेलना का भी है। जिलाधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार पाटिल ने विभाग की किसी सेवा के कार्यान्वयन में कभी रूचि नहीं दिखाई। ऑनलाइन सेवाओं पर भी ध्यान नहीं दिया।

खगड़िया के जिलाधिकारी की रिपोर्ट में कहा गया है कि खगड़िया सदर अंचल में राजस्व के कागजातों की घोर कमी है।

अंचलाधिकारी की कार्यशैली एवं कार्य भावना राजस्व प्रशासन के अनुकूल नहीं है। इस आलोक में खगड़िया अंचल के रैयतों एवं राजस्व हितों को देखते हुए उन्हें निलंबित करने की अनुशंसा की गई है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय आयुक्त कार्यालय, मुंगेर रहेगा।

### डा. भीमराव अम्बेडकर सम्मान अभियान के तहत भाजपा ने आयोजित की संगोष्ठी



रिपोर्ट अविनाश मंडल

पाकुड़ः पाकुड़ भाजपा कार्यकताओं ने संविधान निमार्ता भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर सम्मान अभियान कार्यक्रम के अन्तर्गत रविवार देर शाम हिरणपुर मंडल अध्यक्ष सुकुमार मंडल की अध्यक्षता एवं जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय तथा पूर्व प्रदेश मंत्री श्रीमती शर्मिला रजक, बीचामहल मंडल अध्यक्ष धनेश्वर साह, विप्लव दे की उपस्थिति में बरमसिया पंचायत के दुल्मीडांगा गांव में संगोष्ठी का आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम के शुभारंभ होने से पहले दो मिनट का मौन धारण कर पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए देशवासियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई, संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष अमृत पाण्डेय ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार ने पहली बार सुप्रीम कोर्ट परिसर में कानून मंत्रालय में बाबा साहब की मूर्ति स्थापित कर उन्हें विधिक सम्मान दिया है। इसके अलावा लंदन स्थित उनके निवास को सरकार ने स्मारक व सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया है।

बाबा साहब सामाजिक न्याय और समानता के प्रतीक थे। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने सदैव डॉ. भीमराव आंबेडकर को सम्मान देने का कार्य किया है। विपक्ष पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने उनके योगदान की निरंतर उपेक्षा की है। उन्होंने कहा कि बाबा साहब की मृत्यु के पश्चात कांग्रेस की सरकार ने दिल्ली में उनके अंतिम संस्कार की अनुमति नहीं दी। सरकारी विमान तक उपलब्ध नहीं कराया गया। उनके पार्थिव शरीर को मुंबई भेजने का खर्च उनकी पत्नी को वहन करना पड़ा। नेहरू ने दिल्ली स्थित आंबेडकर निवास को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने के प्रस्ताव को भी खारिज कर दिया था। भाजपा ही एक मात्र ऐसा पार्टी है, जो अन्त्योदय को लेकर काम करती है. समाज के अंतिम पंक्ति में खड़ा व्यक्ति का विकास ही भारत का विकास है.

### 15 वें वित्त से जिला अंतर्गत विभिन्न पंचायतों में टैंकर के माध्यम से उपलब्ध कराया गया पानी



रिपोर्ट- अविनाश मंडल

पाकुड़ःग्रीष्म ऋतु में भीषण गर्मी में पेयजलापूर्ति के लिए जिला के सभी प्रखंडों के सभी ग्राम पंचायत में 15 वें वित्त आयोग मद से पानी का टैंकर की खरीदारी की गई है। उपलब्ध टैंकर से आज अमड़ापाड़ा प्रखंड अंतर्गत अलुबेड़ा पंचायतों के कोयोपारा गांव में मुखिया की उपस्थिति में एवं पाकुड़ प्रखंड अंतर्गत कालीदासपुर पंचायत एवं रामचंद्रपुर पंचायत में टैंकर के माध्यम से जरूरतमंद को पीने का पानी उपलब्ध कराया गया। जिससे ग्रामीणों में काफी खुशी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन के प्रति आभार प्रकट किया। जिला पंचायत राज पदाधिकारी प्रीतिलता मुर्मू ने बताया कि उपायुक्त के आदेशानुसार 15 वें वित्त आयोग योजना से जिला प्रखंड के सभी ग्राम पंचायतों में टैंकर उपलब्ध है। किसी भी पंचायत या ग्राम के ग्रामीणों को पेयजलापूर्ति के लिए ग्राम पंचायत के पंचायत सचिव या मुखिया से सम्पर्क करें, पेयजल उपलब्ध कराई जायगी।

# विकास का वैकल्पिक मॉडल

## >> विचार

> “ नवउदारवादी प्रवक्ताओं को इसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं लगता। उनका तर्क है कि जैसे-जैसे लोग समृद्ध होते हैं, उनकी आय वृद्धि की तुलना में खाद्यान्न उपभोग में वृद्धि कम होती है। इसलिए, उनके अनुसार, खाद्यान्न बाजार में सरप्लस का कारण यह है कि नवउदारवाद के तहत सभी की स्थिति बेहतर हो रही है। लेकिन यह तर्क तथ्यों के विपरीत है। आय बढ़ने पर लोग प्रत्यक्ष खाद्यान्न उपभोग कम कर सकते हैं, लेकिन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष (प्रोसेस्ड फूड और पशु चारे के रूप में) खाद्यान्न का कुल उपभोग कम नहीं हो सकता। बल्कि, यह बढ़ना चाहिए। फिर भी, तथ्य बताते हैं कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खाद्यान्न उपभोग घटा है।

**प्रभात पटनायक**



कोई यह दावा नहीं कर सकता कि नवउदारवादी दौर में, उससे पहले के लोककल्याणकारी राज्य के दौर की तुलना में, कृषि उत्पादन, विशेष रूप से खाद्यान्न उत्पादन में तेज वृद्धि हुई है। यह सच है कि पहले की तुलना में जीडीपी में तेज वृद्धि हुई है, भले ही दावे उतने सटीक न हों। लेकिन लोककल्याणकारी दौर में खाद्यान्न की कीमतों पर लगातार दबाव रहता था, जो इस बात का संकेत था कि खाद्यान्न की मांग अधिक थी। इस मांग को मूल्य नियंत्रण या कई अवसरों पर सरकारी खर्च में कटौती के जरिए संभाला जाता था। नवउदारवादी दौर में सरकार के पास खाद्यान्न भंडार का अंबार रहा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से वितरित अनाज से कहीं अधिक संग्रह होता था। इतना कि सरकार खाद्यान्न का निर्यात भी करने लगी-2023-24 में चावल का निर्यात 10.4 अरब डॉलर का था। इस विरोधाभास की व्याख्या कैसे होगी कि देश में प्रति व्यक्ति आय की वृद्धि दर बढ़ रही थी, जबकि खाद्यान्न उपभोग की वृद्धि दर घट रही थी? नवउदारवादी प्रवक्ताओं को इसमें कुछ भी आश्चर्यजनक नहीं लगता। उनका तर्क है कि जैसे-जैसे लोग समृद्ध होते हैं, उनकी आय वृद्धि की तुलना में खाद्यान्न उपभोग में वृद्धि कम होती है। इसलिए, उनके अनुसार, खाद्यान्न बाजार में सरप्लस का कारण यह है कि नवउदारवाद के तहत सभी की स्थिति बेहतर हो रही है। लेकिन यह तर्क तथ्यों के विपरीत है। आय बढ़ने पर लोग प्रत्यक्ष खाद्यान्न उपभोग कम कर सकते हैं, लेकिन प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष (प्रोसेस्ड फूड और पशु चारे के रूप में) खाद्यान्न का कुल उपभोग कम नहीं हो सकता। बल्कि, यह बढ़ना चाहिए। फिर भी, तथ्य बताते हैं कि ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में प्रति व्यक्ति खाद्यान्न उपभोग घटा है। न्यूनतम आवश्यक कैलोरी न मिलने वालों की संख्या बढ़ी है। उदाहरण के लिए, ग्रामीण भारत में 1993-94 में 58% लोग प्रतिदिन 2200 कैलोरी से कम उपभोग करते थे, जो 2017-18 में बढ़कर 80% हो गया। इसलिए, नवउदारवादी दौर का खाद्यान्न सरप्लस समृद्धि का नहीं, बल्कि श्रमिक वर्ग की बढ़ती दरिद्रता का प्रतीक है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स और महिलाओं में रक्ताल्पता के आंकड़े भी यही दर्शाते हैं। हमारे सामने विकास के दो प्रतिमान हैं। पहला, लोककल्याणकारी मॉडल, जिसमें खाद्यान्न की कमी रहती थी। ऐसा इसलिए, क्योंकि कुल वृद्धि दर खाद्यान्न वृद्धि दर से अधिक नहीं हो पाती थी। बढ़ी आय के कारण खाद्यान्न मुद्रास्फीति बढ़ जाती थी। दूसरा, नवउदारवादी मॉडल, जिसमें खाद्यान्न का अतिरेक है। यहां कुल वृद्धि दर को निर्यात बाधित करता है। कोई देश तभी तेजी से विकास कर सकता है, जब विश्व अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ रही हो, और वह देश अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी हिस्सेदारी बनाए रखे या अन्य देशों की कीमत पर इसे बढ़ाए। विश्व बाजार की तीखी प्रतिस्पर्धा के कारण तेज विकास में तकनीकी और ढांचागत बदलाव अंतर्निहित होते हैं, जो श्रम की बढ़ी उत्पादकता में प्रकट होते हैं। इसका परिणाम रोजगार में मामूली वृद्धि होता है, जो नए बेरोजगारों, सरकारी संरक्षण खत्म होने से पुराने बेरोजगारों, और विस्थापित किसानों व कारीगरों की संख्या से हमेशा कम रहता है। श्रम बल की तुलना में आरक्षित श्रम बल बढ़ता जाता है, जिससे मजदूरों की प्रति व्यक्ति वास्तविक आय घटती है। यह आय कमी ही खाद्यान्न सरप्लस का मूल कारण है।

**नया पैमाना :** प्रति व्यक्ति जीडीपी को प्रगति का पैमाना मानने के बजाय, लोगों के कल्याण को मापने के लिए प्रति व्यक्ति आवश्यक वस्तुओं (विशेष रूप से खाद्यान्न) का उपभोग पैमाना बनाना चाहिए। लोककल्याणकारी दौर में यह उपभोग घरेलू उत्पादन के समतुल्य था, जबकि नवउदारवादी दौर में य शक्ति घटने से मांग सीमित हो गई।

**रोजगार वृद्धि :** खाद्यान्न सरप्लस का उपयोग रोजगार बढ़ाकर और आवश्यक वस्तुओं की खपत बढ़ाकर किया जा सकता है। इसके लिए सरकारी खर्च बढ़ाना होगा, जो दो तरीकों से संभव है: वित्तीय घाटा बढ़ाकर या धनी वर्ग पर कर बढ़ाकर। मेहनतकशों पर कर बढ़ाने से मांग का स्थानांतरण होगा, रोजगार नहीं बढ़ेगा। वैश्विक पूंजी इन दोनों उपायों का विरोध करती है, क्योंकि यह उसके वर्चस्व को चुनौती देता है। इसलिए, खाद्यान्न सरप्लस और बेरोजगारी के इस विवेकहीन संकट को हल करने के लिए पूंजी नियंत्रण लागू करना होगा। यह नवउदारवादी नीतियों का अंत होगा, क्योंकि इनका आधार ही पूंजी, विशेष रूप से वित्तीय पूंजी का निर्बाध प्रवाह है। प्रति व्यक्ति जीडीपी के बजाय आवश्यक वस्तुओं के उपभोग के पैमाने से देखें, तो नवउदारवादी दौर लोककल्याणकारी दौर से बदतर है। यह रोजगार वृद्धि में बाधक, अतार्किक और विवेकहीन है। यह कहना ठीक नहीं कि हमें पूरी तरह लोककल्याणकारी दौर में लौट जाना चाहिए। उस दौर में विकास दर खाद्यान्न उत्पादन पर निर्भर थी। रोजगार बढ़ाने के लिए खाद्यान्न की उच्च उत्पादकता सुनिश्चित करनी होगी। इसके लिए बड़े पैमाने पर भूमि सुधार और सरकारी निवेश आवश्यक हैं। भूमि सुधार को केवल सामंती संकेंद्रण तोड़ने तक सीमित नहीं रखना चाहिए। आजादी से पहले दीर्घकालीन पट्टों पर दी गई और अनुत्पादक पड़ी जमीन, जैसे प्लांटेशन, को भी भूमि सुधार के दायरे में लाना होगा। नवउदारवादी निर्यातोन्मुखी विकास का विकल्प केवल राज्य प्रायोजित विकास नहीं, बल्कि सरकारी संरक्षण में कृषि-आधारित विकास है।

**(लेखक अर्थशास्त्री और राजनीतिक टिप्पणीकार हैं। अनुवाद : लाल बहादुर सिंह)**

## संपादकीय

# आखिर कब थमेगा आतंक का सिलसिला

गौरतलब है कि कुपवाड़ा में संदिग्ध आतंकवादियों ने एक समाजसेवक के घर में घुस कर उसे गोली मार दी। छिपी बात नहीं है कि घाटी में आतंकवादी हमलों के पीछे पाकिस्तान का हाथ है। हालांकि वह बार-बार अपने को पाक-साफ साबित करने की कोशिश करता है, भारत के प्रति सहयोग का दिखावा भी करता है, पर दुनिया की नजरों से उसकी हकीकत छिपी नहीं है। पहलगाम के बाद कुपवाड़ा में इस तरह घर में घुस कर हमला करने के पीछे दहशतगर्दों की मंशा साफ है। वे संदेश देना चाहते हैं कि उनके मंसूबे कमजोर नहीं पड़े हैं। मगर सवाल है कि वहां तैनात खुफिया एजंसियों और सुरक्षा बलों से क्यों और कैसे चूक हो रही है कि वे आतंकवादियों की साजिशों को समय रहते समझ नहीं पा रहे। पहलगाम हमले के पीछे बड़ा कारण सुरक्षा इंतजाम में घोर लापरवाही थी। इसके लिए सरकार ने सर्वदलीय बैठक में अफसोस भी जताया और इसे तुरंत दुरुस्त कर लेने का आश्वासन दिया। इस वक्त वहां राष्ट्रीय सुरक्षा एजंसी घटना की जांच में जुटी है। पूरी घाटी में सुरक्षाबलों की संख्या बढ़ा दी गई है। खुफिया एजंसियां चौकस हैं। इसके बावजूद अगर आतंकी किसी घर में घुस कर हमला करने में कामयाब हो जाते हैं, तो स्वाभाविक ही आतंकवाद से लड़ने संबंधी हमारी तैयारियों पर अंगुलियां उठेंगी। नौ वर्ष पहले नोटबंदी हुई, तो दावा किया गया था कि इससे आतंकियों की कमर टूट जाएगी। फिर अनुच्छेद तीन सौ सत्तर खत्म करने के बाद भी लगातार कहा जाता रहा कि घाटी में आतंकवाद लगभग अपने अंतिम दौर में है। मगर हकीकत यह है कि इस अवधि में कई बड़ी आतंकी घटनाएं हो गईं, जिसकी ताजा कड़ी पहलगाम की घटना थी। अच्छी बात है कि पहलगाम हमले के बाद सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं और आतंकवाद से निपटने के लिए अधिक कारगर तरीके पर विचार कर रही है। मगर अब तक के अनुभवों से जाहिर है कि आतंकवादी संगठनों को खत्म करने की कोई भी रणनीति अब तक कारगर साबित नहीं हो पाई है। पहलगाम हमले के बाद आम जनभावना यही है कि दहशतगर्दी को पोसने वाले पाकिस्तान के खिलाफ कोई निर्णायक कदम उठाया जाए। स्पष्ट है कि वहां की सेना आतंकवादियों को प्रशिक्षण और संरक्षण देती है। वह खुद को वहां के हुक्मरान से ऊपर समझने लगी है और अपनी समांतर सत्ता चलाती है। ऐसे में, केवल सियासी पहलकदमी नहीं, सीमा पार चल रहे आतंकी ठिकानों को खत्म करने की रणनीति भी बनानी होगी। मगर पहले अपने सुरक्षा घेरे को अभेद्य और खुफिया तंत्र को अचूक बनाने की सख्त जरूरत है।

# पाकिस्तान में आतंक के धंधे का खेल

**प्रमोद भार्गव**



दुनिया में शायद पाकिस्तान ऐसा इकलौता देश है, जिसने आतंकवाद के गंदे धंधे को भी व्यापार का जरिया बना लिया। वह भी अपनी ही कौम के किशोर एवं युवाओं के जीवन को दांव पर लगाने का खेल खेलते हुए! इस तथ्य को स्वयं पाकिस्तानी रक्षामंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्वीकार करते हुए अमेरिकी स्काई टीवी के एक लाइव षो में बड़ा खुलासा किया है। टीवी एंकर यल्डा हाकिम ने पाकिस्तान द्वारा आतंकवाद को बढ़ावा देने के सवाल पर ख्वाजा आसिफ ने कहा कि ‘हम (पाकिस्तान) अमेरिका, ब्रिटेन और पष्चिमी देषों के लिए 3 दषक से आतंक के गंदे धंधे का खेल, खेलते रहे हैं। यह हमारी बड़ी भूल रही है, जिसके दुश्परिणाम हमें भुगतने पड़ रहे हैं। हमने सोवियत संघ के खिलाफ 80 और 90 के दषक में और फिर 9/11 हमले के बाद अमेरिका का सहयोग नहीं किया होता तो आज हमारा आतंकवाद के सिलसिले में ट्रेक रिकॉर्ड कई बेहतर होता। आसिफ ने आरोप लगाते हुए कहा कि अफगानिस्तान में अमेरिका ने सोवियत संघ के विरुद्ध जंग में आतंकवादियों का खुलकर समर्थन किया था।‘ आसिफ के इस बयान से साफ होता है कि पाकिस्तान गंदे धंधे के लिए अपने ही युवाओं को आतंकवादी बनाने में लगा था। इसके बदले उसे अमेरिका और ब्रिटेन समेत अनेक पष्चिमी देषों से बड़ी मात्रा में आर्थिक मदद मिलती रही है। आसिफ ने इस हकीकत का खुलासा तब किया है, जब पाकिस्तान को इन देषों से आर्थिक मदद मिलना लगभग बंद हो गई है। इस बयान से पता चलता है कि पाकिस्तान के हुक्मरान कितने स्वार्थी हैं, कि वे अपने बच्चों को तो देष-विदेष के षिक्षा संस्थानों में पढ़ाते-लिखाते हैं, नौकरी भी बहुराश्ट्रीय कंपनियों में कराते हैं, लेकिन अपने ही देष पाकिस्तान के गरीब और लाचार बच्चों को नादान उम्र में आतंक का पाठ पढ़ाकर आतंकवादी बनाने का काम करते हैं। आसिफ ने यह बात षायद नादान बनते हुए कह दी कि तीन दषक से हम पष्चिमी देषों के कहने पर आतंकी पैदा करने के गंदे धंधे में लगे हुए हैं। लेकिन इस परिप्रेक्ष्य में सोचने की बात यह है कि आखिर किस लालच में पाकिस्तान यह गंदा धंधा कर रहा था? वह एक स्वतंत्र देष है। ब्रिटेन या अमेरिका का कोई बंधक देश तो नहीं है? पाकिस्तान इन देषों की आज्ञा का पालन धन के लालच में तो कर ही रहा था, मुस्लिम देशों का एकमात्र नेतृत्वकर्ता बन जाने की मंषा से भी कर रहा था। हकीकत तो यह है कि पाकिस्तान स्थित प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन जैष-ए-मोम्मद और हिजबुल मुजाहिदि्न ने जम्मू-कष्मीर में सेना और सुरक्षा बलों पर जो भी आत्मघाती हमले कराए हैं, उनमें बड़ी संख्या में मासूम बच्चों और किषोरों का इस्तेमाल किया गया है। संयुक्त राश्ट्र सुरक्षा परिशद् की ‘बच्चे एवं सषस्त्र संघर्श‘ नाम से आई एक रिपोर्ट में यह खुलासा किया गया। रिपोर्ट के मुताबिक ऐसे आतंकी संगठनों में षामिल किए जाने वाले बच्चे और किषोरों को आतंक का पाठ मदरसों में पढ़ाया गया है। साल 2017 में कष्मीर में हुए तीन आतंकी हमलों में बच्चों के षामिल होने के तथ्य की पुश्टि हुई थी। पुलवामा जिले में मुठभेड़ के दौरान 15 साल का एक नाबालिग मारा गया था। मुबंई के ताज होटल पर हुए आतंकी हमले में भी पाक द्वारा प्रशिक्षित नाबालिग अजमल कसाब शामिल था। रिपोर्ट के मुताबिक पाकिस्तान में मौजूद आतंकी संगठनों ने ऐसे अनेक वीडियो जारी किए हैं, जिनमें किशोरों को आत्मघाती हमलों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। पाकिस्तान में सषस्त्र समूहों द्वारा बच्चों व किशोरों को भर्ती किए जाने और उनका इस्तेमाल आत्मघाती हमलों के किए जाने की लगातार खबरें मिल रही हैं। कुछ साल पहले तहरीक-ए-तालिबान ने एक विडीयो जारी किया था, जिसमें लड़कियों सहित बच्चों को सिखाया जा रहा है कि आत्मघाती हमले किस तरह किए जाते है। आत्मघाती हमलों के लिए भर्ती किए गए ज्यादातर बच्चे पाकिस्तान के हैं। इस रिपोर्ट में दावा किया गया है कि दुनियाभर में बाल अधिकारों के हनन के 21,000 मामले सामने आए हैं। दुनियाभर में हुए संघर्षों में हजारों बच्चे मारे गए या विकलांगता का शिकार हुए। आठ हजार से ज्यादा बच्चों को आतंकियों, नक्सलियों और विद्रोहियों ने अपने संगठनों में शामिल किया है। ये बच्चे युद्ध से प्रभावित सीरिया, अफगानिस्तान, यमन, फिलीपींस, नाइजीरिया, भारत और पाकिस्तान समेत 20 देशों के हैं। भारत के जम्मू-कश्मीर में युवाओं को आतंकवादी बनाने की मुहिम कश्मीर के अलगाववादी चलाते रहे हैं। इस तथ्य की पुष्टि 20 वर्शीय गुमराह आतंकवादी अर्शिद माजिद खान के आत्म-समर्पण से हुई थी। अरशिद कॉलेज में फुटबॉल का अच्छा खिलाड़ी था। किंतु कष्मीर के बिगड़े माहौल में धर्म की अफीम चटा देने के कारण वह बहक गया और लश्कर-ए-तैयबा में षामिल हो गया। उसके आतंकवादी बनने की खबर मिलते ही मां-बाप जिस बेहाल स्थिति को प्राप्त हुए, उससे अर्शिद का ह्दय पिघल गया और वह घर लौट आया था। दरअसल कष्मीरी युवक जिस तरह से आतंकी बनाए जा रहे हैं, यह पाकिस्तानी सेना और वहां पनाह लिए आतंकी संग्ठनों का नापाक मंसूबा रहा था। पाक की अवाम में यह मंसूबा पल रहा है कि ‘हंस के लिया पाकिस्तान, लड़के लेंगे हिंदुस्तान।‘ इस मकसदपूर्ती के लिए मुस्लिम कौम के उन गरीब और लाचार बच्चे, किशोर और युवाओं को इस्लाम के बहाने आतंकवादी बनाने का काम मदरसों में किया जा रहा है, जो अपने परिवार की आर्थिक बदहाली दूर करने के लिए आर्थिक सुरक्षा चाहते हैं। पाक सेना के भेश में यही आतंकी अंतरराष्ट्रीय नियंत्रण रेखा को पार कर भारत-पाक सीमा पर छद्म युद्ध लड़ रहे हैं। कारगिल युद्ध में भी इन छद्म बहरुपियों की मुख्य भूमिका रही थी। इस सच्चाई से पर्दा संयुक्त राष्ट्र ने तो बाद में उठाया किंतु खुद पाक के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के सेवानिवृत्त अधिकारी रहे, षाहिद अजीज ने ‘द नेषनल डेली अखबार‘ में पहले ही उठा दिया था। अजीज ने कहा था कि ‘कारगिल की तरह हमने कोई सबक नहीं लिया है। हकीकत यह है कि हमारे गलत और जिद्दी कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं। कमोबेश आतंकवादी और अलगाववादियों की शह के चलते यही हश्र कश्मीर के युवा पिछले तीन दशक से भोग रहे थे। इस विकराल स्थिति से पार पाने का काम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की द्दढ़ इच्छाशक्ति के चलते कश्मीर से धारा-370 और 35-ए हटाने के बाद संभव हुआ। वहां बढ़ते पर्यटन के चलते पाकिस्तान की ओर से कहा गयया था कि पर्यटन कश्मीर के ‘भारतीय उपनिवेषीकरण‘ एक माध्यम है। उमर अब्दुल्ला की पार्टी नेशनल कांफ्रेंस के श्रीनगर संसदीय क्षेत्र से सांसद रुहुल्लाह मेंहदी ने भी कुछ समय पहले इसी आशय के बयान दिए थे। इसी के चलते भारतीय जासूसी संस्थाओं को आशंका थी कि कश्मीर में किसी बड़ी आतंकी घटना को अंजाम तक पहुंचाकर बढ़ते पर्यटन पर आद्यात किया जा सकता है। जुलाई में होने वाली अमरनाथ यात्रा को लेकर भी ऐसी आषंकाएं थीं। फिलहाल पाकिस्तान ने पहलगाम में आतंकी वारदात रचकर 28 पर्यटकों को मौत के घाट उतारकर जो तांडव रचा है, उसमें वह तत्काल भले ही अपने मंसूबे को साध ले, लेकिन कश्मीरी जनता ने सद्भाव का जो वातावरण बनाया है, उससे स्पश्ट है कि वह अब किसी गलतफहमी में रहने वाली नहीं है। दूसरी तरफ केंद्र सरकार लगातार पाकिस्तान को दिन में तारे दिखाने के एक के बाद एक जो कठोर निर्णय ले रही है, उससे पाकिस्तान की बदहाली बढ़ने के संकेत मिल रहे है।



# अग्नि से सीखें स्पष्टता और आंतरिक प्रकाश

**प्रो. हिमांशु राय**

मैंने पिछले आलेख में कमल से मिलने वाली नेतृत्व की सीखों पर चर्चा की थी। कीचड़ से अविचलित रहकर कमल निरंतर अपने लक्ष्य की ओर बढ़ता ही रहता है। इसी प्रकार, भारतीय दर्शन में सबसे पवित्र तत्वों में से दूसरा तत्व है अग्नि। यह केवल प्रकाश और ऊष्मा का स्रोत नहीं, बल्कि दैवीय संदेशवाहक, शुद्धिकर्ता और रूपांतरकारी शक्ति है। एक लीडर के लिए अग्नि में नेतृत्व-संबंधी पाठ निहित हैं- उद्देश्य की ज्योति प्रज्वलित करना, दूसरों को प्रकाशित करना और परिवर्तनकारी नेतृत्व करना।

**दृष्टि की स्पष्टता :** अग्नि मार्ग को प्रकाशित करती है। यह अंधकार को दूर कर आगे बढ़ने की राह दिखाती है। महान और सफल लीडर इसी गुण को आत्मसात करते हैं। वे स्वयं प्रकाश-पुंज बनकर दूसरों को देखने, समझने और आत्मविश्वास के साथ कार्य करने में सहायता करते हैं। ज्ञान, अग्नि की भांति, भ्रम को दूर कर निर्णय लेने की क्षमता प्रदान करता है। एक लीडर को इसी प्रकाश का स्रोत बनना चाहिए- निर्मल, केंद्रित और ज्ञान का प्रदाता।

**परिवर्तन की शक्ति :** अग्नि कभी भी वस्तुओं को जस-का-तस नहीं छोड़ती, यह उन्हें रूपांतरित करती है। कच्चा भोजन पककर पोषण में बदल जाता है, अयस्क से स्वर्ण शुद्ध होकर निकलता है, शीतलता ऊष्मा में परिवर्तित होती है। इसी प्रकार, लीडर को भी परिवर्तन का वाहक बनना चाहिए। यह विध्वंस का नहीं, बल्कि सर्वोच्च उत्कर्ष का प्रतीक है- प्रक्रियाओं, लोगों और उद्देश्यों का उत्थान करने का प्रतीक। लीडर के भीतर जलने वाली अग्नि क्रोध की नहीं, बल्कि तप की होनी चाहिए- संयमित, केंद्रित ऊर्जा, जो उच्चतम भलाई के लिए समर्पित हो।

**संयमित ऊर्जा और आत्म-नियंत्रण :** अनियंत्रित अग्नि विनाशकारी हो सकती है। लेकिन नियंत्रित अग्नि दीपक की लौ की भांति प्रकाश, दिशा और ऊष्मा प्रदान करती है। सच्चा नेतृत्व भी ऐसा ही होता है। स्वयं की शक्ति को पहचाने बिना शक्ति का उपयोग केवल प्रभुत्व के लिए किया जा सकता है, लेकिन आत्म-नियंत्रण के साथ यही शक्ति सेवा का रूप ले पाती है। एक लीडर को अपने जुनून को सही दिशा में मोड़ना आना चाहिए, अपनी तीव्रता को संतुलित रखना चाहिए और उकसावे के बीच भी स्थिर बने रहना चाहिए। नियंत्रित अग्नि दीपक की लौ बनती है- अनियंत्रित अग्नि विनाश का कारण।

**प्रकाश देना, न कि भस्म करना :** अग्नि केवल देती है। यह प्रकाश और ऊष्मा प्रदान करती है, बिना किसी अपेक्षा के। लीडर को भी यही सिद्धांत अपनाना चाहिए- वे प्रेरणा, साहस और आशा का स्रोत बनें, न कि दूसरों को जलाकर अपना वर्चस्व स्थापित करें। यज्ञ में प्रज्वलित अग्नि मांगती नहीं, बल्कि अर्पण स्वीकार कर आशीर्वाद के रूप में लौटा देती है। लीडरशिप भी इसी सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए- निष्काम कर्म पर आधारित- बिना फल की आसक्ति के कार्य करना!

**(निदेशक आइआइएम इंदौर)**

स्वामित्वाधिकारी, मुद्रक , प्रकाशक व संपादक सरोज चौधरी द्वारा न्यू लोक भारती प्रेस, वार्ड 10 कोकर औद्योगिक क्षेत्र कोकर रांची से मुद्रित तथा ई –37, अशोक विहार रांची से प्रकाशित, संस्थापक संपादक :स्व. राधाकृष्ण चौधरी
प्रबंध संपादक : अरूण कुमार चौधरी, फोन: 9471170557/08084674042, ई-मेल : Divyadinkarranchi @ gmail.com,RNI Regd. No. : JHAHIN/2013/54373Postal Registration No. : RN-11/2012)

## संक्षिप्त समाचार

### प्रखंड स्तरीय रूआर कार्यक्रम के तहत शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा



देवीपुर प्रखंड स्तरीय रूआर कार्यक्रम के तहत सभी विद्यालय प्रधान शिक्षकों प्रशिक्षण को दिया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड प्रमुख यशोदा देवी, प्रखंड विकास पदाधिकारी विजय राजेश बारला, अंचलाधिकारी खोपालाल राम, बीपीओ वीणा हेलेन, महिला पर्यवेक्षिका मिक्की रानी ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर किया गया। इस दौरान कार्यक्रम उपस्थित प्रधान शिक्षकों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि आँगनबाड़ी से से आयु 5 तक तक सभी बच्चों का प्राथमिक विद्यालय में नामांकन सुनिश्चित करने, पिछले वर्षों में कक्षा 1 से 11 तक के नामांकित सभी बच्चों का अगली कक्षाओं में शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति की पुष्टि करने, 5-18 आयु वर्ग के नामांकित सभी बच्चों का उपस्थिति सुनिश्चित करने, सभी बच्चों की उपस्थिति ई-विद्यावाहिनी में दर्ज कराना एवं नियमित अनुश्रवण करने, विद्यालय से बाहर रह गये बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने, नव-नामांकित बच्चों का शत प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने, अप्रवासी, अनामांकित एवं विशेष आवश्यकता वाले बच्चे का नामांकन एवं उपस्थिति सुनिश्चित करने का उद्देश्य बताया गया। वहीं चार विद्यालय अमडीहा, बंदरचूवा, गढ़वा अमडीहा, घरको विद्यालय का प्रखंड स्तरीय जन सुनवाई किया गया। मौके बीआरसी कर्मी एवं दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे।

### के के एन स्टेडियम में हुआ 11वीं जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज



देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

देवघर जिला एथलेटिक्स के तत्वाधान में 11वीं जिला एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आगाज के के एन स्टेडियम में हुआ इसमें जिला भर से कुल 312 खिलाड़ियों ने भाग लिया , बारिश के चलते काफी विषम परिस्थिति बन गई थी पर ऑफिशियल के अथक प्रयास से पहले दिन का खेल समय पर सारा खेल संपन्न कराकर विजेता को मेडल प्रदान कर दिया गया , अध्यक्ष सचिव समेत जिला एथलेटिक्स संघ के पदाधिकारी ने बच्चों को मेडल प्रदान किया। अध्यक्ष सुनील खवाड़े स्टेडियम में आते ही सभी खिलाड़ियों से मिलकर उत्साह बढ़ाया और कहा की आप मेडल के पीछे नहीं भागे आप अपना बेस्ट दे प्रेशर नहीं लेना है, अध्यक्ष ने कहा की एथलेटिक्स संघ में देवघर जिला ऐसा पहला संघ बना जिसने पूरा वर्ष का खेल कैलेंडर जारी किया अब खिलाड़ी इसके अनुरूप तैयारी कर सकेंगे। और इसके बाद में ब्लॉक में भी जाएंगे और टेलेंट लेकर आएंगे। *सचिव मनोज मिश्र* ने बताया की चयन समिति और मुख्य कोच दीपक अपनी पैनी नजर खिलाड़ियों पर बनाए हुए है और पहले दिन कई नए प्रतिभा दिखी भी है । जिला एथलेटिक्स के योजना चेयरमैन *आशीष झा* ने बताया की इस बार जिला से काफी आदिवासी बालक और बालिकाओं ने भाग लिया है, ये दशार्ता है की खिलाड़ियों तक आप सूचना पहुंचने में सफल हो रहे है पर अभी भी संतुष्ट नहीं है और संख्या होनी चाहिए थी।

मनोज मिश्र, आशीष झा दीपक कुमार , नीतू देवी, निक्की झा, राजेश मिश्र, प्रकाश भारद्वाज, बंटी नंदन सिंह, गौरव कुमार, चंदन कुमार, रंजन कुमार,रजनी कुमारी, साहिल खान, सरफराज अंसारी, कुंदन कुमार, बसंती मरांडी, रजनी कुमारी, दीपिका कुमारी प्रमोद यादव, राहुल राय, अखिलेश राजभर इत्यादि मौजूद थे ।

*कल दूसरा दिन सुबह 8 बजे से शुरू होकर शाम 3 बजे समाप्त होगा , सभी की नजर कल शाम 3 बजे जिला के स्टार जेवलिन खिलाड़ी विष्णु मुर्मू पर रहेगी। अभी हाल में ही अध्यक्ष के द्वारा 2 जेवलिन उपहार के स्वरूप दिया गया है

### सिविल सर्जन ने स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन देने की मांग पर दिया आश्वासन



देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

देवघर.झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के द्वारा वेतन भुगतान के लिए विगत 29 जनवरी 25 को अपराह्न एक बजे से सिविल सर्जन कार्यालय के घेराव का कार्यक्रम तत्काल प्रभाव से स्थगित किया गया. 29 अप्रैल 25 को पूर्वाह्न बारह बजे सिविल सर्जन डॉ युगल किशोर चौधरी ने झारखंड चिकित्सा एवं जन स्वास्थ्य कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष को मुलाकात में बताया कि सदर अस्पताल देवघर के सभी पदाधिकारियों और कर्मचारियों का वेतन कोषागार में भेज दिया गया है.उनके द्वारा स्वयं इस बात की पुष्टि किए जाने के बाद कर्मचारी संघ के द्वारा सिविल सर्जन कार्यालय के घेराव कार्यक्रम को स्थगित किया गया. संघ के हस्तक्षेप पर सिविल सर्जन के द्वारा त्वरित संज्ञान लेने के लिये सिविल सर्जन का आभार व्यक्त करने के साथ ही जल्द ही उपाधीक्षक के डी डी ओ कोड में आवंटन जल्द स्थानांतरित करने की मांग की.

# थानों में पुलिस को पीपुल्स फ्रेंडली बनाने की व्यवस्था हुई फेल

## पुलिस और पब्लिक के बीच समन्वय के बदले बिगड़ी हुई है व्यवस्था

### थाने पहुंचने वाले फरियादी को थानेदार कर रहे बेइज्जत

### थाने में जनता की नहीं सुनी जा रही शिकायतें, दलालों की पौ-बारह

नन्दकिशोर दास

बेगूसराय ब्यूरो। जिले के थानों का बुरा हाल है। सुशासन और न्याय की रट लगाने वाली सरकार में बेगूसराय के थाने पीपुल्स फ्रेंडली बनने के बजाय थानेदार और कार्यरत पुलिसकमियों की तानाशाही का अखाड़ा बना है। थानों के सर्वे में स्पष्ट रूप से देखने को मिला है कि यहां के थाने वहां के थानेदार की बपौती संपत्ति बन जाती है, जबकि सरकार का कहना है कि कोई भी थाना हो वह जनता और सरकार की संपत्ति है। किसी भी थाने का थानेदार उसका सेवक होता है। लेकिन बेगूसराय जिले में ठीक इसके विपरीत माहौल बना है। यहां पुलिस का पीपुल्स फ्रेंडली होने की बात बेमानी-सी है। चाहे वह थाना हो




या पुलिस अधीक्षक का कार्यालय। दोनों जगह फरियादियों के लिए सरकार ने व्यवस्था बनाई है। लेकिन पुलिसकर्मी उनके दुख-दर्द और शिकायतें सुनने के बजाय पहले तो उसका उपहास उड़ाते हैं और उनकी बातों को गंभीरता से नहीं लेते हैं। अगर थाने में आवेदन देने की बारी हो तो आवेदन पढ़कर यह बोला जाता है कि अभी बड़ा बाबू नहीं हैं, जाओ वहां बैठो या बाद में आने को कहा जाता है। अगर दूर-दराज से आए कमजोर वर्ग के पीड़ित या पीड़िता कहीं थाने परिसर में फिर भी थाने के बेंच पर बैठ गए तो उसकी खैर नहीं। उन्हें गाली-ग्लौज देकर और फटकार लगाई जाती है। परिणाम यह होता है कि पुलिसकर्मियों के डर से लोग थाने से भागने को मजबूर हो जाते हैं। शायद उस समय सरकार की पुलिस की पीपुल्स फ्रेंडली बनाने की मंशा फेल नजर आती है। जिले के अधिकांश थानों में दलालों का अड्डा बना है। उस दलालों के मुताबिक पुलिस काम करती है। पर जनता के लिए सरकार की ओर से थाने में दी गई सुविधाएं नदारद है। पुलिस को पीपुल्स फ्रेंडली बनाने की सरकारी दावे की धज्जियां उड़ गई। थाने में ना बैठने की सुविधा ना खड़े रहने की गुंजाइश पुलिस वाले रहने को दिया है। यह बिहार सरकार की थाने की व्यवस्था है। जहां जनता की आवाज नहीं सुन पुलिस मालिक बनकर पुलिसिया व्यवस्था को मजाक बनाते रहती है। पिछले दिनों बेगूसराय जिले के सिंघौल थाने से मामला उभरकर सामने आया है। जहां एक जानेमाने चिकित्सक सहित एक मुखिया के साथ थानेदार ने बदतमीजी की। चिकित्सक की मदद करने पहुंची जिले की समाजसेवी और प्रसिद्ध महिला चिकित्सक मीरा सिंह के साथ भी थानेदार ने बदतमीजी पेश की। हालांकि बेगूसराय के पुलिस अधीक्षक मनीष ने जांच के बाद विभागीय कार्रवाई की, लेकिन आमलोगों में पुलिस के रवैए को लेकर सुशासन और व्यवस्था परिवर्तन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा किया जा रहा है।

### सादगी, सरलता, विनम्रता और शालीनता के प्रतिमूर्ति थे वासुदेव बाबू: अमरेंद्र कुमार सिंह

नन्दकिशोर दास

**बेगूसराय ब्यूरो।** गुदरी के लाल वासुदेव सिंह पूर्व विधायक की 12वीं स्मृति दिवस सदर अस्पताल रोटी बैंक सहयोग समिति के द्वारा मनाई गई। उमेश राय वार्ड पार्षद ने कहा कि वासुदेव बाबू संघर्षशील शिक्षक नेता थे। गरीबों के लिए संघर्ष करते थे। विधायक रहने के बाद भी अपने को विधायक नहीं मानते थे। सादगी, सरलता, विनम्रता, शालीनता के प्रतिमूर्ति गुदरी के लाल और हम सबों के पथ प्रदर्शक बने रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षक नेता व प्रदेश अध्यक्ष जेपी सेनानी संपूर्ण क्रांति मोर्चा अमरेंद्र कुमार सिंह ने की। अध्यक्षीय संबोधन में शिक्षक नेता अमरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि वासुदेव बाबू का जन्म बेगूसराय जनपद के वासुदेवपुर चांपुरा में 18 जनवरी 1932 ईस्वी को हुआ था और मृत्यु आज ही के दिन 2013 को हो गई। वासुदेव बाबू 1992 तक बेगूसराय के विधायक रहे और उसके बाद दरभंगा विधानसभा क्षेत्र के विधान परिषद सदस्य भी मरणोपरांत तक रहे। उपमेयर अनिता राय ने कहा कि बेगूसराय के शैक्षिक और राजनीतिक पटल पर सुलझे हुए मसीहा थे। वह विचार से मार्क्सवादी और भाव से गांधीवादी थे। वासुदेव की आकस्मिक निधन से शिक्षा जगत में शून्यता आ गई है। इस शून्यता को भरने के लिए भविष्य में कोई संभावना नहीं दिखाई पड़ती है। कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष मुरलीधर मुरारी

ने कहा कि वासुदेव बाबू अपनी मृदुल स्वभाव और कर्तव्यनिष्ठा के कारण संपूर्ण बिहार प्रांत के शिक्षककर्मियों के प्रिय थे। वह हमेशा बुनियादी सवाल करते थे। जेपी सेनानी के जिला अध्यक्ष राजेंद्र महतो ने कहा कि वासुदेव बाबू गरीबों के मसीहा थे। धरती से जुड़े हुए इंसान थे।

## महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के लिए उम्मीदों का मंच

### जिले में अबतक 368 ग्राम संगठनों में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

नन्दकिशोर दास

बेगूसराय ब्यूरो। जिले में महिला संवाद के 12वें दिन मंगलवार को 16 प्रखंडों के 32 जीविका महिला ग्राम संगठनों में कार्यक्रम का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। अबतक 368 ग्राम संगठनों में महिला संवाद कार्यक्रम उत्साहपूर्ण माहौल में आयोजित की गई। कार्यक्रमों में लगभग 1 लाख जीविका से जुड़ी एवं गैर जीविका दीदियां उत्साहपूर्वक भाग ले चुकी हैं। ग्रामीण विकास विभाग द्वारा आयोजित महिला संवाद कार्यक्रम सरकार के साथ महिलाओं के सीधा संवाद का सीधा एवं अनूठा माध्यम बना है। कार्यक्रम में जहां महिला सशक्तीकरण संबंधी योजनाओं की जानकारी महिलाओं के साथ साझा की जा रही है, वहीं महिलाओं द्वारा इन योजनाओं से हुए लाभ को भी अन्य दीदियों के साथ साझा कर रही हैं। दीदियां योजनाओं को और बेहतर बनाने का सुझाव भी संजीदगी के साथ दे रही हैं। कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं अब अपने सपनों और आकांक्षाओं को खुलकर व्यक्त कर रही हैं। महिला संवाद कार्यक्रम महिलाओं के लिए उम्मीदों का एक ऐसा मंच साबित हो रहा है, जहां वे न केवल अपनी समस्याओं को उजागर कर रही हैं, बल्कि विकास की नई संभावनाओं की तलाश भी कर रही हैं। इस कार्यक्रम के माध्यम से महिलाएं अपनी अपेक्षाओं और आवश्यकताओं को सीधे सरकार तक पहुंचा रही हैं।महिला संवाद कार्यक्रम के माध्यम से राज्य के विकास में आधी आबादी ने अपनी भागीदारी तो दी है, वहीं कई ऐसी मांग भी रखी हैं जो उनके सशक्तीकरण का मार्ग प्रशस्त करे। संवाद कार्यक्रम में गांव की महिलाएं गांव के विकास के लिए अपनी इच्छाएं एवं आकांक्षाओं को सूचिबद्ध करा रही हैं और उसे ऑनलाइन अद्यतन भी करा रही हैं। राज्यस्तरीय कार्यक्रम के तहत बेगूसराय में 18 अप्रैल से प्रारम्भ महिला संवाद कार्यक्रम 15 जून तक चलेगा और यह 1885 ग्राम संगठनों में आयोजित होगी।राज्य सरकार द्वारा संचालित लोक कल्याणकारी योजनाओं की सफलता पर आधारित 3 फिल्में महिला संवाद रथ द्वारा प्रदर्शित की जाती है। इन फिल्मों में महिला आरक्षण, बिहार ग्रामीण जीविकोपार्जन प्रोत्साहन समिति (जीविका), नशामुक्ति अभियान, बाल-विवाह, दहेज प्रथा उन्नमूलन अभियान, मुख्यमंत्री मेधावृति योजना, मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना आदि की जानकारी वीडियो फिल्म के माध्यम से प्रदर्शित की जा रही है। साथ ही महिला सशक्तीकरण एवं स्वावलंबन के लिए राज्य सरकार द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों से संबंधित लीफलेट का वितरण किया जा रहा है। महिलाओं के बीच मुख्यमंत्री के संदेश का वितरण भी किया जा रहा है। महिला संवाद के दौरान ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं ने स्वास्थ्य सेवा में सुधार, कौशल विकास हेतु प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना, आधारभूत संरचनाओं का विकास, पेंशन राशि में बढ़ोत्तरी, उच्च शिक्षा का विकास, ग्राम संगठन के भवन का निर्माण, प्रत्येक पंचायत में सिलाई घर, महिला सुरक्षा के लिए महिला थाना, यातायात व्यवस्था में सुधार, सार्वजनिक स्थानों पर सामुदायिक शौचालय, सामुदायिक विवाह भवन, महिला बैंक, पिंक ऑटो सेवा, खेल मैदान एवं पार्क, दीदी की लाइब्रेरी दीदियों द्वारा उत्पादित वस्तुओं के लिए बिक्री केंद्र आदि प्रमुख है।

### एनटीपीसी बरौनी सीआईएसएफ अग्निशमन शाखा को मिला नया फोम टेंडर

नन्दकिशोर दास

बेगूसराय ब्यूरो। एनटीपीसी बरौनी के अग्निशमन शाखा में एक नई मल्टीपर्पस फोम टेंडर का औपचारिक उद्घाटन जयदीप घोष (परियोजना प्रमुख) के द्वारा के द्वारा किया गया। इस अवसर पर आकाश सक्सेना उप कमाडेंट, साधु खान, सुशील चंद्र बोई एवं अन्य एनटीपीसी व सीआईएसएफ के अधिकारी उपस्थित थे। अग्निशमन शाखा के प्रमुख भास्कर दास सा. समादेष्टा अग्नि के द्वारा बताया गया कि यह नई मल्टीपरपस फोम टेंडर शामिल हो जाने से अग्नि शमन शाखा और मजबूत हो गई है। श्री आकाश सक्सेना उप कमाडेंट ने कहा कि किसी भी आपातकालीन समस्याओं से निपटने में सहायता मिलेगी। परियोजना प्रमुख जयदीप घोष ने



कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन द्वारा आने वाले समय और एक फायर टेंडर भी जल्द से जल्द अग्नि शमन शाखा को उपलब्ध कराया जाएगा। जिससे सीआईएसएफ के द्वारा ना केवल परियोजना के अंतर्गत बल्कि परियोजना के बाहर भी किसी भी अग्नि दुर्घटना प्रबंधन में बेहतर कामयाबी प्राप्त होगी। इससे अग्नि प्रबंधन व्यवस्था मजबूत होगी। वाहन का उद्घाटन नारियल तोड़ कर पारंपरिक पूजा पाठ के उपरान्त फीता काटकर एवं झंडा दिखाकर परियोजना प्रमुख के द्वारा किया गया। तत्पश्चात सीआईएसएफ फायर विंग के द्वारा वाहन से विभिन्न प्रकार के फायर फाइटिंग प्रदर्शन किया गया। जिसका उपस्थित अधिकारियों ने सराहना की। इस आयोजन का संचालन नि.अग्नि जितेंद्र कुमार के द्वारा किया गया।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल में किया गया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

### विद्यार्थियों ने किया मृतकों के आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

दिल्ली पब्लिक स्कूल देवघर में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से 26 मासूम मृतकों के प्रति विद्यालय परिसर में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया ' सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने मौन धारण करते हुए मृत आत्माओं के शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना किया 'प्राचार्य राहुल भैया ने घटना की निंदा करते हुए कहा कि देश में धर्म विशेष पूछ पूछ कर हत्या करनें जैसी घटना यह पहली आतंकबादी घटना है यह मानवता की हत्या है।




इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से स्कूल के

प्रधानाचार्य राहुल भैया , अरुण सर ,ओम सर, रौशन सर, रॉकी सर , नारायण सर, माधुरी मैंम, पूजा मैम ,कविता मैम ,बरखा मैम, सुषमा मैम , खुशबू मैम, साक्षी मैम, सुधी मैम, प्रिया पारुल मैम, रिसेप्शनिस्ट खुशी मिश्रा आदि शामिल थे।सभी ने यह प्रण लिया कि वह आतंकियों के मंसूबे को विफल करने के लिए हमेशा अपने देश की एकता और अखंडता की रक्षा करते रहेंगे।

### भाकपा-माकपा की बैठक में 2 मई को वक्फ बिल के खिलाफ आंदोलन का निर्णय-पूजा सिंह

**साहेबपुरकमाल, बेगूसराय।** अजय जी के दरवाजे पर शंकर यादव की अध्यक्षता में सोमवार को भाकपा-माकपा कार्यकताओं की संयुक्त रूप से बैठक हुई। बैठक में सबसे पहले पहलगाम की घटना पर सभी ने एक सुर में आतंकी घटना की निंदा की और मारे गए लोगों की याद में मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। पूर्व प्रमुख मनोज कुमार ने कहा कि पार्टी में लिए गए निर्णय के तहत 2 मई को प्रखंड मुख्यालय साहेबपुर कमाल में वक्फ बोर्ड अधिनियम 2025 के विरुद्ध एक विशाल आंदोलन होगा। इसकी तैयारी में अभी से ही जुट जाने को कहा। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के भाजपा नेता नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने समाज में नफरत बांटने के लिए यह कानून लाया है। सुप्रीम कोर्ट ने इस कानून को नियम विरुद्ध बताया। जिसके तहत कुछ बिंदुओं पर अंतरिम रोक लगाया गया।

## कांग्रेस का संविधान बचाओ रैली अब 6 मई को

देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा



**देवघर.** संविधान बचाओ अभियान कार्यक्रम के तहत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी द्वारा राज्य स्तरीय संविधान बचाओ रैली दिनांक 03 मई 2025 को रांची के धुर्वा स्थित पुराना विधानसभा मैदान में निर्धारित किया गया था। लेकिन अपरिहार्य कारणों से अब यह रैली दिनांक 06 मई 2025,दिन मंगलवार को पूर्वाह्न 11.00 बजे से रांची के उसी मैदान में होगी। इस बावत झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के निदेर्शानुसार सूचना जारी कर दी गई है। तिथि में बदलाव को लेकर प्रदेश अध्यक्ष द्वारा रांची में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर आयोजित कर पुरी जानकारी दी गई है। प्रदेश अध्यक्ष द्वारा जारी सूचना के आधार पर कांग्रेस के देवघर जिलाध्यक्ष प्रो उदय प्रकाश ने जिला कांग्रेस कमिटी के साथ सभी अग्रणी मोर्चा संगठन विभाग तथा प्रकोष्ठों के जिलाध्यक्षों,प्रखंड,नगर तथा मंडल अध्यक्षों, प्रखंड पर्यवेक्षकों के साथ तमाम पार्टी नेताओं तथा कार्यकताओं को सूचना जारी करते हुए कहा है कि सारी तैयारियां पूर्ववत जारी रहेंगी। सिर्फ हमें 3 मई के बदले अब 6 मई के रैली में भाग लेना है। इस बीच बाकी सभी प्रखंडों तथा नगरों में बैठक आयोजित कर तैयारी करना सुनिश्चित करेंगें। देवघर जिला से भारी संख्या में पार्टी नेता एवं कार्यकर्ता इस रैली में भाग लेंगें। यह रैली ऐतिहासिक होगा। इसमें मुख्य रूप से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा महासचिव के. सी. बैनुगोपाल भाग लेंगें। उक्त आशय की जानकारी जिला महासचिव

## बुढय थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थानों पर छापामारी अभियान चलाया गया



देवघर से दिव्य दिनकर संवाददाता प्रेम रंजन झा

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम देवघर जिलान्तर्गत कोटपा अधिनियम 2003 की धरा को लागु करने हेतु, सिविल सर्जन देवघर डॉ०युगल किशोर चौधरी एवं डॉ० मनोज कुमार गुप्ता, जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी-सह- नोडल पदाधिकारी एन०सी०डी०कोषांक देवघर के निदेर्शानुसार, राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम में कोटपा-2003 के अधिनियम, तम्बाकू एवं उनके उत्पाद को सार्वजनिक स्थानो पर धड़ल्ले से बिक्री को नियंत्रित करने के लिए स्वास्थ विभाग के एन०टी०सी०पी०(राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कर्यक्रम) देवघर से अभिमन्यु दांगी जिला सलाहकार एवं थाना प्रभारी म०डी० साहिल अहमद के सहयोग से सयुक्त रूप से चलाया अभियान । तम्बाकू उत्पादकों को लेकर बने कोटपा-2003 अधिनियम के विभिन्न धाराओं को प्रभावी रूप से अनुपालन करने के लिए बुढय बाजार, चौक चोराहा एवं अन्य विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर कोटपा-2003 कानून का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध छापामारी की गई । इस दौरान 6 दुकानदारों से 1100 रूपया जुमार्ना वसूला गया । जिसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी म०डी० साहिल अहमद एवं जिला परामर्शी अभिमन्यु कुमार दांगी ने बताया कि तम्बाकू उत्पाद बेचने वाले दुकानदार अपने दुकानों पर सिगरेट के विज्ञापन वाले पोस्टर लगा कर प्रचार- प्रसार करना धारा 5 उल्लंघन करना है, बिना चेतावनी फोटो वाले तम्बाकू उत्पाद की बिक्री करना धारा 7 उल्लंघन करना है, साथ ही ये भी देखा गया की स्कूल परिसर से एक सौ गज की दुरी पर किसी भी प्रकार के नशीली पदार्थ की बिक्री करना मना है जो की अधिनियम कोटपाझ2003 की धाराओ का सीधे उल्लंघन करना है आज छापेमारी के दौरान कई दुकानों से विज्ञापन वाले पोस्टर को हटाते हुए सुझाव दिया गया कि भविष्य में ऐसी गलती ना करें ।

## संक्षिप्त समाचार

### खेलो इंडिया यूथ गेम को डीएम ने किया प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना



नन्दकिशोर दास

**बेगूसराय ब्यूरो।** 4 से 15 मई तक जिले में होनेवाले खेलो इंडिया यूथ गेम को लेकर जिला पदाधिकारी तुषार सिंगला द्वारा प्रचार गाड़ी को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर सहायक समाहर्ता-सह-सहायक दंडाधिकारी अजय यादव, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी बेगूसराय सदर, सदर डीएसपी, नगर आयुक्त बेगूसराय नगर निगम, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला परिवहन पदाधिकारी, प्रभारी पदाधिकारी जिला गोपनीय शाखा आदि उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने कहा कि जिले में खेलो इंडिया यूथ गेम पहली बार हो रहा है। यह बेगूसराय जिले के लिए सौभाग्य की बात है। बेगूसराय जिले में फुटबॉल मैच का आयोजन किया जा रहा है। इसमें भारत के अलग-अलग राज्यों से 16 टीमें भाग ले रही है, जिसमें पुरूष एवं महिला की आठ-आठ टीमें होगी। पुरूषों की टीमों का मैच यमुना भगत स्टेडियम तेघरा एवं महिलाओं की टीम का रिफाइनरी बरौनी स्टेडियम में मैच होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि पुरूषों की टीम में बिहार, झारखंड, मिजोरम, मेघालय, दिल्ली, चंडीगढ़, ओड़िसा एवं पश्चिम बंगाल राज्य की टीम होगी। वहीं महिलाओं में मणिपुर, झारखंड, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु राज्य की टीमें हिस्सा लेंगी। जिला पदाधिकारी ने कहा कि खेल मैदान पूरी तरह से तैयार है। पवेलियन के साथ-साथ आस-पास के क्षेत्रों में भी काफी कार्य किया गया है। साथ ही खिलाड़ियों के ठहरने के लिए अच्छे होटलों को भी चिन्हित किया गया है। जिला पदाधिकारी ने आईपीएल मैच में शतक लगाने वाले बिहार के वैभव सूर्यवंशी की चर्चा करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से खिलाड़ियों में जागरूकता आ रही है, अब बिहार के खिलाड़ी भी देश में अपना परचम लहरा रहे हैं। जिला पदाधिकारी ने जिलेवासियों से दोनों मैदानों में होने वाले मैचों को लेकर भारी संख्या में मैच देखने की अपील की है।

### मृतक के आश्रितों को डीएम ने दिया चार-चार लाख रुपए का चेक



नन्दकिशोर दास

**बेगूसराय ब्यूरो।** डीएम तुषार सिंगला ने बेगूसराय जिला अंतर्गत डूबने एवं वज्रपात की चपेट में आने से मृतक के आश्रितों को आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा मिलने वाली चार लाख रुपए का चेक मंगलवार को प्रदान किया। कुल चार परिवारों के आश्रितों को सोलह लाख रुपए का चेक प्रदान किया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा बरौनी प्रखंड के मृतक आदित्य राज कुमार के आश्रित पिता कुंदन कुमार, मटिहानी प्रखंड के मृतक शुभम कुमार के पिता नरेंद्र राय, भगवानपुर प्रखंड के मृतका संजू देवी के पति रमेश कुमार एवं चेरियाबरियारपुर प्रखंड के मृतका मुस्कान कुमारी की माता कविता देवी को चार-चार लाख रुपए का चेक प्रदान किया।जिला पदाधिकारी ने घटना पर दुःख प्रकट करते हुए पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि सहायता अनुदान की राशि से परिवारों को आर्थिक मदद मिलेगी। बतातें चलें कि बिहार सरकार आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा प्राकृतिक एवं स्थानीय प्रकृति की आपदाओं जैसे डूबने की घटना एवं वज्रपात में मृत हुए व्यक्तियों के निकटतम आश्रितों को प्रति मृतक चार लाखे रुपए की दर से अनुग्रह अनुदान के रूप में सहायता राशि दी जाती है। जिसके तहत उपरोक्त चारों मृतक के आश्रितों को राशि प्रदान किया।

### एक जून को बखरी में होगा यूथ फेडरेशन का जिला सम्मेलन



प्रियंका कुमारी

**बखरी, बेगूसराय।** 1 जून को बखरी के स्व. संजीव चौधरी नगर में अखिल भारतीय नौजवान संघ (यूथ फेडरेशन) का जिला सम्मेलन आयोजित होगी। इसके पूर्व 15 मई तक सभी पंचायतों में सदस्यता अभियान और पंचायत सम्मेलन पूरा किया जाएगा। स्वागत समिति की बैठक में पूर्व सांसद शत्रुघ्न प्रसाद सिंह ने पहलगांव आतंकी हमले की निंदा करते हुए शहीद पर्यटकों को श्रद्धांजलि दी और सम्मेलन को युवाओं के लिए प्रेरणादायक बताया। विधायक सूर्यकांत पासवान ने सम्मेलन की सफल मेजबानी की बात कही।राज्य अध्यक्ष शम्भू देवा ने बताया कि सम्मेलन को राष्ट्रीय नेता सुखविंदर सिंह महेश्वरी और अमृता पाठक संबोधित करेंगी। एआईएसएफ के राष्ट्रीय सचिव अमीन हमजा, यूथ लीडर अभिनव अकेला और पूर्व सचिव संजीव सिंह ने युवाओं को शिक्षा, रोजगार और अधिकार के संघर्ष के लिए संगठित होने का आह्वान किया। बैठक में संयोजक जितेन्द्र जीतू ने कार्य रिपोर्ट पेश की और बताया कि अभी तक पांच सदस्य बनाए गए हैं, आगे काम जारी है। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड अध्यक्ष संजय राय ने की। अगली समीक्षा बैठक 5 मई को होगी। बैठक में यूथ नेता मो शबाब, ऋषिकांत, सुमित सिंह, अभिषेक कुमार, राजेश कुमार, संजय महतों, पवन मालाकार आदि लोगों ने भी अपनी बातें रखीं।

# उपहारा में कार-बाइक की टक्कर में 16 वर्षीय युवक की मौत, एक गंभीर रूप से घायल



रिपोर्ट - अमरेन्द्र कुमार सिंह

गोह(औरंगाबाद) उपहारा थाना क्षेत्र स्थित शेखपुरा मोड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में 16 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान तेयाप गांव निवासी भरत प्रसाद के पुत्र चंद्रकांत कुमार के रूप में हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार, चंद्रकांत अपने गांव के ही दोस्त पवन कुमार के साथ बाइक पर सवार होकर दाल दरवाने के लिए आरंडा मील गया था। वहां मसूर रखकर दोनों युवक बाइक में तेल भरवाने के लिए उपहारा स्थित पेट्रोल पंप की ओर जा रहे थे। तभी शेखपुरा मोड़ के पास तेज रफ्तार में आ रही एक अज्ञात कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

हादसे में चंद्रकांत कुमार की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पवन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल पवन को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने उसे बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज, गया रेफर कर दिया।

घटना की सूचना मिलते ही उपहारा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## पुनपुन बराज परियोजना: जमीन का दाम मांगने पर किसानों को मिली मुकदमे की धमकी!

रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह

गोह(औरंगाबाद)गोह के हमीदनगर पुनपुन बराज परियोजना से जुड़े किसानों में भारी आक्रोश है। इसको लेकर जिला परिषद क्षेत्र संख्या छह के प्रतिनिधि श्याम सुन्दर में प्रेस ब्यान जारी कर कहा की परासी में किसानों से बात करते हुए कार्यपालक अभियंता राजू कुमार ने किसानो को धमकी देते हुए कहा कि अगर किसानों ने जमीन का मुआवजा को लेकर काम रोका, तो उनके खिलाफ मुकदमे दर्ज किए जाएंगे। इस बयान से किसानों में गहरा असंतोष है। किसानों ने साफ कहा है कि वे मुकदमा और जेल जाने को तैयार हैं, लेकिन जब तक उचित मुआवजा नहीं मिलेगा, तब तक काम नहीं होने देंगे। मंगलवार की दोपहर अधिग्रहित जमीन पर मुआवजा दिये बिना जबरन तटबंध निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया। विरोध करने पहुंचे किसानों को अधिकारियों ने ह्यसरकारी काम में बाधाह्न बताकर मुकदमा दर्ज करने की धमकी दी और 10 लोगों के नाम भी अपनी डायरी में नोट कर लिए। ज्ञात हो कि इस वर्ष तीन बार किसानों और अधिकारियों के बीच बैठकें हुईं, लेकिन कोई ठोस नतीजा नहीं निकला।बीते सोमवार को मीरपुर में हुई बैठक में भूअर्जन अधिकारियों के पास आवश्यक कागजात तक नहीं थे, जिससे सरकार की मंशा पर सवाल उठने लगे हैं।

## 1 मई 2025 को मजदूर दिवस के अवसर पर नगर भवन में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा हम पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष -रामजी सिंह

रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह

**औरंगाबाद :-** जिले में हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा लेबर सेल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह कार्यक्रम के संयोजक श्री रामजी सिंह जी ने बताया कि हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (सेकुलर) मजदूर सेल के द्वारा आगामी 1मई 2025 को मजदूर दिवस के अवसर पर डॉक्टर अनुग्रह नारायण सिंह नगर भवन औरंगाबाद में एक विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया गया है कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संरक्षक माननीय जीतन राम मांझी जी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मंत्री सह हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ संतोष कुमार सुमन जी उपस्थित रहेंगे युक्त कार्यक्रम में हम पार्टी के राष्ट्रीय, प्रदेश,जिला,प्रखंड एवं पंचायत,गांव के हजारों कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।



### जमीन का दाम मांगने वाले किसानों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करेगी सरकार

रिपोर्ट - प्रमोद कुमार सिंह

औरंगाबाद :- जिले में जमीन का दाम मांगने वाले किसानों पर फर्जी मुकदमा दर्ज करेगी सरकार। इस बात की जानकारी जिला परिषद सदस्य प्रतिनिधि श्याम सुंदर प्रसाद ने बताया कि हमीदनगर पुनपुन बराज परियोजना के कार्यपालक अभियंता राजू कुमार ने महेश परासी में किसानों से कही। इससे किसानों में बौखलाहट है। किसान फर्जी मुकदमा झेल लेंगे। जेल जीवन देख लेंगे। लेकिन बिना उचित मुआवजा लिये काम नहीं होने देंगे।

आज दोपहर किसानों के अधिग्रहित जमीनों का बिना मुआवजा दिये तटबंध का काम शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पहुंचे किसानों को अधिकारियों ने धमकाया-काम रोकना सरकारी काम में बाधा डालना है। मुकदमा दर्ज करूंगा। यही नहीं, अधिकारियों ने 10 लोगों का नाम भी अपनी डायरी में दर्ज कर लिया है। बता दूं कि इस वर्ष खानापूर्ति ही सही, अबतक किसान प्रतिनिधियों के साथ तीन बैठकें हुईं हैं। तीनों बैठक बेनतीजा रहा। आनन-फानन में बुलाई गई बैठक में किसान पहुंचे ही नहीं।

अगली बैठक तीन मई को हमीदनगर में होनी है। कल मीरपुर में आयोजित बैठक में पहुंचे भूअर्जन अधिकारियों के पास कोई कागजात तक नहीं था। इसी से सरकार की गंभीरता समझी जा सकती है।

सरकार की गंभीरता तो इस बात से भी समझी जा सकती है कि पिछले 15 वर्षों से बराज का काम लंबित है। किसान अपनी पुरानी मांगों मसलन अधिग्रहित जमीनों का आज के बाजार भाव से दाम, जमीन किसी का भुगतान किसी और का जैसे त्रुटिपूर्ण भुगतान, बगीचा का उचित मूल्य समेत अन्य बुनियादी सुविधाओं की मांग कर रहे हैं। इस बाबत जिप प्रतिनिधि और राजद नेता श्याम सुंदर ने कहा कि मुझे आशंका है किसान हित की बात करने पर अधिकारी एक बार फिर से फर्जी मुकदमें में फंसाएंगे। सचमुच सरकार किसान हित की बात करती है तो खुले मन से सारे विवाद सुलझाये। तब काम शुरू करे।

### देव मोड़ के समीप घरेलू विवाद में बाइक सवार शिक्षक दंपति पर कई लोगों ने हमला कर दिया



रिपोर्ट- प्रमोद कुमार सिंह

**औरंगाबाद।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के देव मोड़ के समीप घरेलू विवाद में बाइक सवार शिक्षक दंपति पर दस से पंद्रह की संख्या में रहे लोगों ने हमला कर दिया। इस हमले में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों द्वारा दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद उनकी स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया। घायल शिक्षक की पहचान शहर के पिपरडीह निवासी विजय कुमार सिंह उर्फ विजय गोप तथा उनकी पत्नी ऊषा देवी के रूप में की गई है। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान घायल शिक्षक के भाई सुनील कुमार एवं घायल शिक्षक विजय गोप ने बताया कि वे और उनकी पत्नी मदनपुर के मनिका गांव स्थित गणेश नगर उच्च विद्यालय में प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सहायक शिक्षक है। विद्यालय से छुट्टी होने के बाद वे दोनों घर की तरफ आ रहे थे। इसी दौरान पूर्व से चली आ रही जमीनी विवाद को लेकर उनके गोतिया ने दस से पंद्रह लोगों के साथ देव मोड़ के समीप लाठी डंडे से हमला कर दिया। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दौरान पिटाई कर रहे लोगों के द्वारा इनका मोबाइल फोन, सोने का चेन एवं पांच अंगूठी छीन ली गई। स्थानीय लोगों के दौड़ने पर सभी फरार हो गए। फिलहाल घटना की सूचना की जानकारी पुलिस को दे दी गई है।

# जमालपुर में बाइक चोरों की बढ़ी सक्रियता ने पुलिस की उड़ाई नींद

## सदर बाजार के भीड़भाड़ वाले इलाके से हो रही बाइक की चोरी

दिव्य दिनकर काजल गुप्ता

जमालपुर। आदर्श थाना क्षेत्र अंतर्गत सदर बाजार इलाका तथा ईस्ट कॉलोनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रेलवे कॉलोनी से बाइक चोरी के लगातार आ रहे मामले ने पुलिस की नींद उड़ा दी है। जमालपुर में बाइक चोरों का एक सक्रिय गिरोह पूरी सक्रियता से शहर के विभिन्न इलाकों में बाइक चोरी की घटना को अंजाम पूरी सफाई से दे रहे हैं। पुलिस की नाक के नीचे से बाइक चोर भीड़भाड़ वाले इलाके से बाइक चुरा कर ले जाते हैं और पुलिस हाथ पैर हाथ धरे रह जाती है। जमालपुर शहर में विगत करीब एक से दो महीने में लगभग आधे दर्जन बाइक चोरी के मामले सामने आ चुके हैं। मामला जब पुलिस थाना पहुंचता है तो स्थानीय पुलिस के द्वारा बाइक गुमशुदा की रिपोर्ट लिखकर महज खानापूर्ति कर दी जाती है। बाइक चोरी से जुड़े सक्रिय गिरोह की तलाश में अथवा चोरों के धर-पकड़ को लेकर स्थानीय पुलिस की ओर से अभियान तक नहीं चलाया जाता है। बात जमालपुर आदर्श थाना जमालपुर की करें तो मंगलवार की शाम शनि मंदिर के सामने गली में पूजा सामग्री खरीदने पहुंचे एक व्यक्ति ने अपनी गाड़ी शनि मंदिर के निकट सड़क किनारे खड़ी कर दी। पूजा सामग्री खरीद कर वापस लौटने पर बाइक गायब मिली। बाइक चोरी को लेकर डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंचे डायल 112 की टीम ने स्थानीय दुकानदारों से पूछताछ की। लेकिन बाइक का कोई आता पता नहीं चला। बहरहाल, पुलिस ने पीड़ित व्यक्ति को बाइक के दस्तावेज के साथ लिखित आवेदन की मांग की है। उधर विगत माह 25 मार्च को सदर बाजार शनि मंदिर से महज 50 मीटर की दूरी पर स्थित गोपाल जी कम्युनिकेशन मोबाइल दुकान के सामने खड़ी काले रंग की यामाहा एफजेड मोटरसाइकिल चोर ले उड़े। गोपाल जी कम्युनिकेशन के प्रोपराइटर विनय कुमार ने आदर्श थाना जमालपुर को लिखित आवेदन देकर अपनी मोटरसाइकिल चोरी के मामले की सूचना दी थी। सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई बाइक चोरी की घटना की फुटेज पुलिस को उपलब्ध कराने के बावजूद अब तक पुलिस ना तो चोर को पकड़ पाई है और ना ही सदर बाजार इलाके में बाइक चोरी की घटना पर अंकुश लगाने की दिशा में पुलिस बल की तैनाती की है।

## बीपीएस पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



शकील बेग

**नावकोठी, बेगूसराय।** नावकोठी के बीपीएस पब्लिक स्कूल में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अष्टम, नवम एवं दशम वर्ग के 200 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता में गणित, साइंस और पजल्स पहेली से संबंधित प्रश्न पूछे गये। एक प्रश्न के लिए प्रत्येक बच्चे को 30 सेकंड का समय दिया गया था। निर्धारित समय पर बच्चों ने उत्तर दिया। क्विज प्रतियोगिता का संचालन शिक्षक अभिजीत कुमार, मृत्युंजय कुमार और मनोज कुमार शर्मा ने किया। निर्णायक मंडल में अमर शंकर ठाकुर, अजय कुमार एवं गुलशन कुमार शामिल थे। क्विज प्रतियोगिता में अष्टम वर्ग के अनुष्का राज, कोमल कुमारी, वैभवी कुमारी, श्रेया कुमारी, नवम वर्ग में आर्यन, अनुराग, ऋतिका, दामिनी, सोनाली एवं दशम वर्ग में ऋषभ, प्रिंस, आदित्य, आदित्य भारती, कौशिकी एवं कृष्णा ने सफलता हासिल किया। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार ने क्विज प्रतियोगिता में सफल छात्र-छात्राओं को बुक और लेखनी से सम्मानित किया।उन्होंने कहा कि बच्चों का सर्वांगीण विकास होना अत्यंत जरूरी है। इस तरह के आयोजन से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। कुछ अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। इस अवसर पर उपप्राचार्य सुशील कुमार सिंह, शिक्षिका तृप्ति कुमारी, अर्पणा कुमारी, शिक्षक अमरेश कुमार, रविशंकर कुमार, गुलशन कुमार, मृत्युंजय कुमार, संजय कुमार, अजय कुमार एवं छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

### पंचायतों में स्वच्छता कार्यक्रम नियमित संचालित करने का दिया निर्देश



शकील बेग

**नावकोठी, बेगूसराय।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में तैनात स्वच्छता पर्यवेक्षक की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में वर्चुअल मीटिंग मंगलवार को आयोजित की गयी। जिला स्वच्छता समन्वयक विश्वजीत कुमार ने स्वच्छता पर्यवेक्षक को स्वच्छ भारत मिशन एवं लोहिया स्वच्छ ग्रामीण बिहार के तहत सभी पंचायत में स्वच्छता कार्यक्रम नियमित संचालित करने का निर्देश दिया। इस अभियान के तहत प्रत्येक घरों से कचरा उठाव नियमित करने तथा इसे स्वच्छता मित्र एप पर इंट्री करने का निर्देश दिया। महादलित टोला में प्राथमिकता के आधार पर शौचालय निर्माण करने एवं सामुदायिक शौचालय के क्रियाशीलता पर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। डब्लूपीयू पर संग्रह कचरा से वर्मिंग कम्पोस्ट बनाने के कार्य में गति लाने, प्लास्टिक बिक्री करने तथा राशि को खाते में जमा करने का निर्देश दिया। प्रत्येक घरों से प्रतिदिन एक रुपए की दर से 30 रूपए प्रति माह यूजर चार्ज वसूलने, इसके लिए स्वच्छता पर्यवेक्षक रसीद लेकर प्रत्येक घरों से शुल्क वसूलने का सख्त निर्देश दिया।यह कार्यक्रम जनभागीदारी आधारित है। इस अवसर पर पर्यवेक्षक कन्हैया कुमार, फूलेन सहनी, रूपेश कुमार, अशोक ठाकुर, रेखा कुमारी, बीरबल कुमार, नवीन कुमार आदि मौजूद थे।

### नावकोठी में प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

शकील बेग

**नावकोठी, बेगूसराय।** प्रखंड टास्क फोर्स की बैठक बीडीओ कक्ष में मंगलवार को आयोजित की गई। इसकी अध्यक्षता बीडीओ चिरंजीव पांडेय ने की। चिकित्सा पदाधिकारी डॉ हिमांशु कुमार ने बताया कि मिजिल्स, रूबैला टीकाकरण के प्रथम तथा द्वितीय डोज टीकाकरण कार्यक्रम के तहत 96 फीसदी ही लक्ष्य प्राप्त हुआ है। 4 फीसदी अभी भी टीकाकरण से वंचित है। जो एक खतरे की घंटी है। 100 फीसदी लक्ष्य हासिल करने के लिए शेष लाभुकों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है। इसके लिए जीविका में कार्यरत दीदियों से समन्वय स्थापित करने की आवश्यकता है। जीविका दीदियों के सहयोग से 100 फीसदी लाभुकों को मिजिल्स, रूबैला का टीकाकरण से आच्छादित करना ही लक्ष्य है। उपस्थित कर्मियों ने इसके लिए रणनीति बनाई। मौके पर बीएचएम आनंद ईश्वर, डब्लूएचओ प्रतिनिधि अमरेश कुमार, बीएमसी गोपाल शर्मा, बीसीएम उषा कुमारी मौजूद थे।

## दिल्ली में दिनकर साहित्य सम्मान से अलंकृत हुए मिन्टू



नन्दकिशोर दास

**बेगूसराय ब्यूरो।** चर्चित हास्य व व्यंग्य कवि मिन्टू कुमार झा को दिल्ली के विराट कवि सम्मेलन में अंतरराष्ट्रीय साहित्य समूह काव्य हिन्दुस्तान के द्वारा सम्मानित किए जाने पर लोग इसे क्षेत्र की एक उपलब्धि के रुप में देख रहे हैं। साहित्यकारों में खुशी का ठिकाना नहीं है। मिन्टू ने अपनी कविता पाठ कर लोगों को खूब गुदगुदाया। साहित्यकार मिन्टू को बधाई दे रहे हैं। तरुण सांस्कृतिक चेतना समिति के संस्थापक सीताराम शेरपुरी ने अपने मीडिया प्रभारी मिन्टू झा को सम्मानित होने को समिति को सम्मानित होना कहा है। डॉ. महेशचन्द्र चौरसिया ने अपने प्रिय कवि के सम्मान को अपनी व्यक्तिगत उपलब्धि माना है।बधाई देनेवालों में उषा जोशी, डॉ. विजय कपूर, प्रो. सत्यसंध भारद्वाज, गिरिजा शर्मा, उत्तम शर्मा, श्रीराम राय, कौशल कौशलेंद्र, स्नेह लता पाण्डेय, कवि अजीत कुमार आदि ने खुशी जताई है।

# श्रुति हासन

## ने माता-पिता के तलाक के बाद के संघर्ष को किया याद, बोलीं- मैं खुद को कमतर समझती थी...

**श्रुति हासन, जो सुपरस्टार कमल हासन और एक्ट्रेस सारिका की बेटी हैं, ने अपने दम पर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ, पैरेंट्स के तलाक, और संघर्ष के दिनों को लेकर खुलकर बात की।**





श्रुति हासन, जो सुपरस्टार कमल हासन और एक्ट्रेस सारिका की बेटी हैं, ने अपने दम पर फिल्म इंडस्ट्री में अपनी एक खास पहचान बनाई है। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने अपनी पर्सनल लाइफ, पैरेंट्स के तलाक, और संघर्ष के दिनों को लेकर खुलकर बात की।

**पेरेंट्स के अलग होने के बाद विनम्र बन गई – श्रुति हासन**

एक इंटरव्यू में श्रुति ने बताया कि उनके माता-पिता के तलाक के बाद उनकी जिंदगी अचानक बदल गई थी। उन्होंने कहा, जब हम चेन्नई से मुंबई शिफ्ट हुए, तो ऐसा नहीं था कि एक बड़े बंगले से दूसरे बंगले में गए। मुंबई में रहना आसान नहीं था। लग्जरी नहीं थी। लेकिन मुझे इस बदलाव से बहुत कुछ सीखने को मिला। श्रुति ने आगे कहा कि पहले वो मर्सिडीज में घूमती थीं और फिर लोकल ट्रेन में सफर करने लगीं। ये बदलाव उनके लिए एक बड़ी सीख थी।

**कॉन्फिडेंस की कमी ने बनाया एटीट्यूड वाला इंसान**

श्रुति हासन ने अपने एटीट्यूड को लेकर भी ईमानदारी से बात की। उन्होंने कहा, लोग सोचते थे कि मेरे अंदर एटीट्यूड है, लेकिन वो इसलिए नहीं था कि मैं खुद को दूसरों से बेहतर समझती थी। बल्कि मुझे खुद पर भरोसा नहीं था, और मैं खुद को कमतर समझती थी। मेरे अंदर आत्मविश्वास की कमी थी।

**पिता से फिर से जुड़ने के बाद गईं विदेश**

श्रुति ने यह भी बताया कि चेन्नई से कुछ समय दूर रहने के बाद उन्होंने अपने पिता कमल हासन से दोबारा कनेक्ट किया। इसके बाद उन्होंने विदेश जाकर म्यूजिक की पढ़ाई की और अपने करियर की दिशा तय की।

**श्रुति हासन का फिल्मी सफर**

श्रुति हासन ने साल 2000 में एक चाइल्ड आर्टिस्ट के रूप में अभिनय की शुरुआत की थी। फिर उन्होंने 2009 में फिल्म 'लक' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। इसके बाद उन्होंने कई हिट फिल्मों में काम किया, जैसे, दिल तो बच्चा है जी, रमैया वस्तावैया, तेवर, गब्बर इज़ बैक, वेलकम बैक, रॉकी हैंडसम, बहन होगी तेरी और देवी। इसके अलावा श्रुति तेलुगू और तमिल सिनेमा में भी काफी एक्टिव हैं और अब साउथ इंडस्ट्री में ही ज्यादा फोकस कर रही हैं।

# सोनल चौहान

## ने की अनुष्का शर्मा की तारीफ, कहा- उनका साथ विराट को आध्यात्मिक रूप से परिपक्व बना रहा



फिल्म 'जन्नत' से बॉलीवुड में अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस सोनल चौहान अक्सर किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। हाल ही में वह



आईपीएल मैच देखने स्टेडियम में पहुंचीं और एक बातचीत में वह बॉलीवुड के पावर कपल अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के रिश्ते पर बात करती दिखीं। इतना ही नहीं, उन्होंने विराट के आध्यात्मिक पक्ष की सराहना भी की है।

सोनल का मानना है कि विराट कोहली के अध्यात्म की तरफ रुझान में अनुष्का का एक बहुत बड़ा रोल है। एक्ट्रेस के मुताबिक- जब कोई व्यक्ति सही और सकारात्मक लोगों के साथ रहता है, तो उसका असर उसके जीवन और सोच पर साफ दिखता है।

उन्होंने कहा- मुझे लगता है अनुष्का विराट की जिंदगी में एक शांत और स्थिर ऊर्जा लेकर आई हैं। उनका साथ विराट को आध्यात्मिक रूप से और भी परिपक्व बना रहा है, बातचीत के दौरान जब सोनल से पूछा गया कि अगर उनकी मुलाकात अचानक विराट कोहली से हो जाए, तो वह क्या कहेंगी, इस पर एक्ट्रेस ने मुस्कराते हुए कहा- मैं कहूंगी ङ्क जय श्रीराम और हर हर महादेव। क्योंकि मैंने उन्हें हाल ही में आध्यात्मिक और धार्मिक रील्स में देखा है। वह अब अध्यात्म की दिशा में बढ़ रहे हैं, और यह देखना प्रेरणादायक है।

बता दें, विराट कोहली और अनुष्का शर्मा बी-टाउन इंडस्ट्री के चर्चित कपल्स में से एक हैं। विरुष्का की शादी साल 2017 में हुई थी। इसके बाद विराट की पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ में कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिले। कपल को अक्सर वृंदावन के आश्रम, गुरुओं के दर्शन और कीर्तन में भाग लेते हुए देखा जाता है।

## शरमन जोशी की 10 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में, एक ने इतिहास ही बना दिया था



बॉलीवुड एक्टर शरमन जोशी ने लगभग 26 साल पहले हिंदी सिनेमा में एंट्री ली थी. इनका शुरुआती करियर तो अच्छा नहीं था, लेकिन धीरे-धीरे शरमन ने अपनी जगह इंडस्ट्री में बनाई. आज शरमन के खाते में कई हिट फिल्में हैं, जिन्होंने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की. शरमन जोशी की एक फिल्म ने तो भारतीय बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था.28 अप्रैल 1979 को नागपुर में जन्मे शरमन जोशी आज अपना 46वां बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं. वो गुजराती फैमिली से बिलॉन्ग करते हैं. गुजराती थिएटर्स के बाद इन्होंने हिंदी फिल्मों की तरफ रुख किया. शरमन जोशी के अब तक के करियर में ढेरों फिल्में आईं, लेकिन कुछ कमाल की फिल्में हैं, जिन्हें लोगों ने पसंद किया.

**शरमन जोशी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्में**

एक्टर शरमन जोशी की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में '3 इडियट्स' का नाम सबसे ऊपर है, जिसने बॉक्स ऑफिस पर सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए थे. यहां आपको उनकी 10 फिल्मों की कमाई के बारे में बताने जा रहे हैं.

**'गॉडमदर'**

1999 में आई विनय शुक्ला के डायरेक्शन में बनी फिल्म 'गॉडमदर' उस साल की हिट फिल्म थी. फिल्म में शबाना आजमी लीड रोल में नजर आई थीं और बाकी कलाकारों में शरमन जोशी, अनिल चौधरी, विनीत कुमार, लवलीन जैसे कलाकारों ने भी काम किया था. बॉलीवुड हंगामा के मुताबिक, फिल्म 'गॉडमदर' का बजट 60 लाख था, जबकि फिल्म ने 1.80 करोड़ का कलेक्शन किया था.

**'स्टाइल'**

2001 में रिलीज हुई फिल्म 'स्टाइल' का डायरेक्शन एन चंद्रा ने किया था. इस फिल्म में शरमन जोशी लीड रोल में थे और उनके अलावा साहिल खान भी दिखे थे. Sacnilk के मुताबिक, फिल्म 'स्टाइल' का बजट 2.5 करोड़ था जबकि इसका वर्ल्डवाइड कलेक्शन 7.89 करोड़ रुपये था.

**'गोलमाल: फन अनलिमिटेड'**

2006 में रिलीज हुई फिल्म 'गोलमाल' रोहित शेट्टी ने बनाई थी, जिसके चार और पार्ट्स बाद में आए. इस फिल्म में अजय देवगन, शरमन जोशी, अरशद वारसी, तुषार कपूर, रिमी सेन, परेश रावल जैसे कलाकार नजर आए थे. Sacnilk के मुताबिक, फिल्म का बजट 11 करोड़ में था. इस फिल्म ने वर्ल्डवाइड 46.70 करोड़ का कलेक्शन किया था.

## पड़ोसी के अंडरगारमेंट में परेश रावल चुपके से लगाते थे ये चीज, पहनते ही याद आ जाती थी नानी



बॉलीवुड के दिग्गज एक्टर और भाजपा नेता परेश रावल ने अपने करियर में कभी फैंस का दिल कॉमेडी किरदारों से जीता तो कभी दर्शकों के दिलों में विलेन के किरदारों से खास पहचान बनाई. लेकिन बड़े पर्दे पर खूंखार किरदार निभाने वाले परेश रावल बचपन में काफी शरारती किस्म के बच्चे हुआ करते थे. परेश शुरू से ही क्रिकेट के फैन रहे हैं और अब भी उन्हें ये खेल देखना पसंद है. हालांकि जब बचपन में उनके क्रिकेट खेलने पर पड़ोसी आपत्ति जताते थे तो परेश उनके अंडरगारमेंट में खुजली वाला पाउडर लगा देते थे. ये खुलासा हाल ही में परेश ने एक इंटरव्यू के दौरान किया.परेश रावल ने हाल ही में द लल्लनटॉप को दिए इंटरव्यू में कई किस्से शेयर किए. उन्होंने सिनेमा, राजनीति, थिएटर और सेलेब्स के साथ अपने रिश्तों पर खुलकर बात की. इस दौरान उनसे कहा कि उनके स्कूल के दोस्तों का मानना है कि आप काफी दुष्ट किस्मे के थे. इस पर परेश ने कहा, 'हां, हर बच्चा होता है. मैं पकड़ा जाता था बस.

फिर उनसे कहा गया कि आप खुजली वाली चीज लगा देते थे. क्या हर बच्चा ऐसा करता था ? अभिनेता ने अपनी बात जारी रखते हुए वो किस्सा शेयर किया जब वो बचपन के दिनों में क्रिकेट खेलने के दौरान पड़ोसियों द्वारा आपत्ति जताए जाने पर उनके अंडरगारमेंट में खुजली वाला पाउडर लगा देते थे. परेश ने कहा, पड़ोसी दोपहर में क्रिकेट नहीं खेलने देते थे. कहते थे इधर नहीं खेलने का तो मैं कहता था ठीक है बेटा. तो उनके जो अंडरगारमेंट सूखते थे, तो लगा देते थे (खुजली वाला पाउडर). इसके आगे उन्होंने कहा ये सिर्फ मजाक होता था और कुछ नहीं.

**परेश को पसंद है टेस्ट क्रिकेट**

परेश से आगे पूछा गया कि आप सोसायटी मे बच्चों के साथ क्रिकेट नहीं खेल पाते थे. आपके आस-पास लोग भीड़ लगा देते थे. आपको रूमाल बांधकर क्रिकेट खेलना पड़ता था. इस पर एक्टर ने कहा, च्व्हां卐. वहीं जब अभिनेता से ये सवाल किया गया कि आपको क्रिकेट बहुत पसंद है ? इस पर उन्होंने बताया, 卐नहीं यार, उतना नहीं. लेकिन अभी तो ये आईपीएल वगैरह सब थकान भरा हो गया है.卐 फिर उनसे पूछा गया कि टेस्ट मैच पसंद है पांच दिन का ? परेश ने तुरंत कहा, 卐हां, टेस्ट क्रिकेट में एक आर्ट है. इसमें इनिंग की बिल्डअप होती है.卐